Page 11



खेल

**कोहली की क्लास, भुवनेश्वर का चला जादू, आरसीबी को चैंपियन बनाने में इन 5...**

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

**नया आंदोलन शुरू करने की तैयारी में भाजपा नेता के. अन्नामलाई, युवाओं और स्वयंसेवकों...**

कृष्ण पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 02 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 180 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,43,200 | ₹ 2,80,000 |

## आज का इतिहास

**1914 : तेलंगाना आधिकारिक तौर पर भारत का 29 वां राज्य बन गया है। तेलंगाना दक्षिणी भारत का एक राज्य है। इसका क्षेत्रफल 114,840 किमी 2 है और यह भारत का बारहवां सबसे बड़ा राज्य है।**

**1947 : लार्ड लुई माउंटबेटन ने भारत के विभाजन की घोषणा की।**

## न्यूज बाइट्स

### संजय कुमार का तबादला राज्यपाल सचिवालय में बने अपर सचिव

**पटना (नि.स.)।** बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी संजय कुमार के तबादले एवं नई पदस्थापना को लेकर महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है। सरकार के आदेश के अनुसार वर्ष 2017 बैच के आईएएस अधिकारी संजय कुमार को ग्रामीण कार्य विभाग से स्थानांतरित कर राज्यपाल सचिवालय में अपर सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।

### राज्य में 14 विश्वविद्यालयों के प्रतिकुलपतियों की नियुक्ति शुरू

**पटना (नि.स.)।** बिहार लोकभवन ने राज्य के 14 विश्वविद्यालयों में प्रतिकुलपतियों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की है। इस संबंध में विज्ञापन जारी करते हुए योग्य एवं अनुभवी शिक्षाविदों से एक जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जारी विज्ञापन के अनुसार, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय, मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय और नालंदा खुला विश्वविद्यालय में प्रतिकुलपति के पदों पर नियुक्ति होगी।निर्धारित मापदंड के अनुसार अभ्यर्थी की आयु 67 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थी प्रतिष्ठित शिक्षाविद होना चाहिए तथा उसके पास विश्वविद्यालय प्रणाली में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।


### सीएम सम्राट चौधरी ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

# अब हर महीने की 10 तारीख तक मिलेगी सामाजिक सुरक्षा पेंशन

निज संवाददाता | पटना

लोकसेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में समाज कल्याण विभाग के प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी लाभार्थियों के खातों में प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पेंशन की राशि हर हाल में पहुंचनी चाहिए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो और पात्र लाभार्थियों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध हो सके। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन और सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में तकनीकी माध्यमों से आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी करने तथा केंद्रों में बच्चों और लाभार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाया जाए ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कुपोषण, स्टंटिंग (उम्र के अनुसार कम लंबाई) और वेस्टिंग (ऊंचाई के अनुसार कम वजन) से संबंधित आंकड़ों में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान परवरिश योजना सहित समाज कल्याण विभाग की अन्य योजनाओं के दायरे को और विस्तारित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए, ताकि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों तक सरकारी सहायता पहुंच सके।

बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभाग की सभी योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही योजनाओं की नियमित निगरानी एवं समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंच सके। समाज कल्याण विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक जवाबदेह एवं परिणामोन्मुख बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया।



### विभाग में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने का निर्देश

बैठक में विभाग में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने की प्रक्रिया तेज करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को आधारभूत सुविधाओं और संसाधनों से और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि मानव संसाधन की कमी को दूर कर योजनाओं के बेहतर संचालन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

## बिहार में 15 जून से चार माह तक बालू खनन पर रोक

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में मानसून अवधि के दौरान नदियों से बालू खनन और बालू उठाव पर 15 जून से 15 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी पर्यावरण संरक्षण और नदी तंत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने चार महीने के लिए बालू खनन गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। प्रतिबंध लागू होने के बाद राज्य के सभी अधिकृत बालू घाटों पर खनन कार्य बंद हो जाएगा और नदियों से बालू निकासी की अनुमति नहीं होगी। खनन एवं भू-तत्व विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग ने मानसून के दौरान संभावित बालू संकट को देखते हुए जिलों को पर्याप्त मात्रा में बालू का बफर स्टॉक तैयार रखने को कहा है, ताकि खनन बंद रहने की अवधि में भी निर्माण कार्य प्रभावित न हों और बाजार में बालू की उपलब्धता बनी रहे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मानसून के दौरान नदियों का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे खनन गतिविधियां जोखिमपूर्ण हो जाती हैं।

### चापाकाल, फार्मर रजिस्ट्री और सीमा सुरक्षा की समीक्षा

# मुख्य सचिव ने अधिकारियों को 15 जून तक सभी खराब चापाकल दुरुस्त करने का दिया निर्देश

- राज्य में 86.36 लाख लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 51.58 लाख किसानों का हुआ पंजीकरण

निज संवाददाता | पटना

बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य में पेयजल व्यवस्था, किसान पंजीकरण, सीमावर्ती सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया है। सोमवार को आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य सचिव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम जनता की बुनियादी सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गर्मी के मौसम को देखते हुए बैठक में पेयजल संकट के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मुख्य सचिव ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) को निर्देश दिया कि राज्य के सभी खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कर उन्हें 15 जून तक हर हाल में चालू कराया जाए। इसके लिए विभाग को अतिरिक्त मानव संसाधन लगाने तथा दक्षिण बिहार के जिलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कार्यपालक अभियंताओं को कार्यालयों से निकलकर सीधे फील्ड में कार्यों की निगरानी करने का आदेश देते हुए कहा कि मरम्मत कार्यों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट विभागीय प्रधान सचिव को उपलब्ध कराई जाए। मुख्य सचिव ने भारत-नेपाल सीमा से सटे जिलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासनिक सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियों को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखा जाए तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में 'ज्ञान भारतम' सर्वेक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने बताया कि सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित है, इसलिए सभी जिलों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर युद्धस्तर पर काम करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और केवल कागजी दावों के बजाय धरातल पर परिणाम दिखाई दें।

मुख्य सचिव ने अंत में अधिकारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जनता से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कर सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया।



### फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की भी समीक्षा

बैठक के दौरान फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने लक्ष्य के मुकाबले अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारियों को लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से सारण, जमुई, सीवान और पूर्वी चंपारण जैसे जिलों को पंजीकरण अभियान में तेजी लाने की हिदायत दी। वहीं अररिया जिले में लंबित आवेदनों की अधिक संख्या को देखते हुए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

# राज्यभर के 8990 शिक्षकों को मिलेगा 'एक्शन रिसर्च' प्रशिक्षण

निज संवाददाता | पटना

बिहार में विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत राज्यभर के नौवीं से 12वीं कक्षा तक पढ़ाने वाले 8990 शिक्षकों को 'एक्शन रिसर्च' का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण पांच जून तक राज्य के विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए विभिन्न जिलों के शिक्षकों को संबंधित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों से संबद्ध किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को अपनी ही कक्षाओं में मौजूद शैक्षणिक चुनौतियों का अध्ययन करने और उनके समाधान की दिशा में कार्य करने के लिए सक्षम बनाना है। 'एक्शन रिसर्च' के माध्यम से शिक्षक यह समझ सकेंगे कि उनकी कक्षा में कौन से विद्यार्थी पढ़ाई में कमजोर हैं, किन छात्रों की पढ़ाई में रुचि कम है तथा उनकी कम उपस्थिति के पीछे क्या कारण हैं। अध्ययन के दौरान सामने आने वाली समस्याओं और तथ्यों के आधार पर शिक्षक उपयुक्त रणनीति तैयार कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए कार्य करेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ शिक्षकों को कक्षा में मौजूद चुनौतियों की पहचान करने, आंकड़ों और प्रत्यक्ष अवलोकन के आधार पर उनका विश्लेषण करने तथा प्राप्त निष्कर्षों के अनुरूप प्रभावी शैक्षणिक रणनीति तैयार करने की जानकारी देंगे।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ महंगा, 42 रुपये बढ़ी कीमत

निज संवाददाता | पटना



जून महीने की शुरुआत आम लोगों और कारोबारियों के लिए महंगाई का नया झटका लेकर आई है। सरकारी तेल कंपनियों ने 1 जून 2026 से एलपीजी गैस सिलेंडर की नई दरें लागू कर दी हैं। नई कीमतों के तहत 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में करीब 42 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इस वृद्धि के बाद होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, कैटरिंग और अन्य खाद्य व्यवसायों की लागत बढ़ने की संभावना है, जिसका असर आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है। नई दरों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर अब 3113.50 रुपये का हो गया है। वहीं कोलकाता में इसकी कीमत 53.50 रुपये बढ़कर 3255.50 रुपये पहुंच गई है। इसके अलावा 5 किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी लगभग 11 रुपये की वृद्धि की गई है, जिसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 821.50 रुपये हो गई है। हालांकि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने का असर बाजार में खाने-पीने की वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर पड़ सकता है। होटल और रेस्टोरेंट संचालक बढ़ी हुई लागत की भरपाई के लिए खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ा सकते हैं।

गौरतलब है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में इस वर्ष लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है। जनवरी में इसकी कीमत 1691.50 रुपये थी। इसके बाद फरवरी में 49 रुपये, मार्च में 115 रुपये और अप्रैल में 195.50 रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। मई महीने में सबसे बड़ा झटका लगा था, जब इसकी कीमत में करीब 993 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी। जून में एक बार फिर दाम बढ़ने से व्यापारिक वर्ग की चिंताएं बढ़ गई हैं। इस बीच गैस कंपनियों ने एलपीजी वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से नया ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण सिस्टम भी लागू किया है।

# बीपीएससी की 72वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 5.15 लाख आवेदन

- 1186 पदों पर होगी भर्ती

निज संवाददाता | पटना

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा 2026 के लिए अभ्यर्थियों ने रिकॉर्ड संख्या में आवेदन किए हैं। आयोग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार निर्धारित अवधि के दौरान परीक्षा के लिए लगभग 5.15 लाख ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह संख्या पिछले वर्ष आयोजित 71वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की तुलना में करीब 44 हजार अधिक है। आयोग के अनुसार आवेदन प्रक्रिया के अंतिम दिनों में अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। आयोग ने उम्मीदवारों से समय रहते आवेदन पूरा करने की अपील की थी, लेकिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने अंतिम समय तक इंतजार किया।

आंकड़ों के मुताबिक 30 मई को अकेले 90,180 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि अंतिम तिथि 31 मई को 91,630 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किए। इस प्रकार अंतिम दो दिनों में कुल 1.81 लाख से अधिक आवेदन आयोग को प्राप्त हुए। बीपीएससी के अनुसार अंतिम दो दिनों के दौरान आवेदन प्राप्त होने की औसत दर लगभग चार हजार आवेदन प्रति घंटा रही, जो अभ्यर्थियों की भारी भागीदारी को दर्शाती है। आयोग का मानना है कि आवेदनों में हुई यह वृद्धि राज्य के युवाओं के बीच सरकारी सेवाओं के प्रति बढ़ती रुचि का संकेत है।

# 21 जून को होगी जद यू की संगठनात्मक बैठक : राजीव रंजन

- जद यू की बैठक में लिये जायेंगे कई अहम फैसले

निज संवाददाता | पटना

जनता दल (यूनाइटेड) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आगामी 21 जून को पटना स्थित प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में आयोजित की जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं राज्य परिषद के सदस्य भी भाग लेंगे। बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी को देखते हुए यह बैठक संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें कई अहम निर्णय लिए जाने की



संभावना है। राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि बैठक का प्रमुख उद्देश्य 25 जनवरी 2026 को जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नीतीश कुमार के निर्वाचन पर राष्ट्रीय परिषद की औपचारिक मुहर लगाना है। इसके अलावा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, भावी राजनीतिक एवं संगठनात्मक रणनीति तय करने, सदस्यता विस्तार अभियान को गति देने, कार्यकर्ताओं की भूमिका को और प्रभावी बनाने तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। दिनभर चलने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे से निवर्तमान राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक के साथ होगी। इसके बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। पूर्वाह्न 11:45 बजे से बिहार की नव-निर्वाचित राज्य परिषद की बैठक होगी, जिसमें राज्य संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। वहीं दोपहर बाद नव-निर्वाचित राष्ट्रीय परिषद की बैठक आयोजित होगी, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन सहित विभिन्न संगठनात्मक प्रस्तावों पर चर्चा और अनुमोदन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में खुला अधिवेशन आयोजित होगा, जिसमें पार्टी की भावी दिशा, राजनीतिक दृष्टिकोण और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श होगा। बैठक में विशेष रूप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सात निश्चय-3' के संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने, विकसित बिहार के निर्माण के लक्ष्य को गति देने तथा आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर मंथन किया जाएगा।

इसके साथ ही पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए आवश्यक सुझावों और प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि पार्टी का स्पष्ट मानना है कि मजबूत संगठन ही जनसेवा और विकास की राजनीति का आधार होता है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन, सामाजिक न्याय और विकास की जो मजबूत नींव रखी गई है, उसे और अधिक सुदृढ़ बनाने में यह बैठक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पार्टी नेताओं के अनुसार संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की राजनीतिक रणनीति के लिहाज से यह बैठक जदयू के लिए काफी अहम साबित हो सकती है।

### भारत-ओमान आर्थिक साझेदारी से साझा समृद्धि का मार्ग होगा मजबूत

# विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते हर भारतीय का सुधारेंगे जीवन स्तर : पीएम

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित देशों के साथ किए जा रहे व्यापार समझौते देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के साथ-साथ प्रत्येक भारतीय के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के संभावित लाभों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे समझौते भारत के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहे हैं।



प्रधानमंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लिखे गए एक लेख को साझा किया, जिसमें भारत-ओमान सीईपीए से होने वाले लाभों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। लेख के अनुसार यह समझौता भारतीय निर्यातकों को नए और विविध बाजारों तक पहुंच बनाने में मदद करेगा, जिससे देश के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक व्यापार में भारत की भागीदारी और मजबूत होगी। लेख में कहा गया है कि भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता रोजगार सृजन की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही यह समझौता भारत और ओमान के बीच आर्थिक सहयोग को नई मजबूती प्रदान करेगा।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने लेख में यह भी रेखांकित किया है कि समझौते को इस प्रकार तैयार किया गया है कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। कृषि क्षेत्र पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसके लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाकर साझा समृद्धि को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए संदेश में भी इस समझौते के लाभों का उल्लेख किया गया। इसमें कहा गया कि भारत-ओमान सीईपीए भारतीय निर्यातकों के लिए बाजारों में विविधता लाने, रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने, किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोनों देशों के बीच साझा आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा।




## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन मुस्कान ने बिखेरी चमक,पीड़ित को मिला खोया हुआ मोबाइल,प्रभारी थानाध्यक्ष की पहल लाई रंग

**रजौली।** रजौली थाना परिसर में मानवता और पुलिस की तत्परता को बयां करती हुई एक बेहद सुखद तस्वीर सामने आई है, जहां रजौली थाना क्षेत्र के तहत चलाए जा रहे विशेष 'ऑपरेशन मुस्कान' के अंतर्गत एक पीड़ित नागरिक के चेहरे पर उसकी खोई हुई खुशी को वापस लौटाया गया है। दरअसल,ग्राम हाथोचक के रहने वाले स्वर्गीय कृष्णा पंडित के पुत्र डब्लू कुमार का कीमती मोबाइल फोन कुछ समय पहले गुम हो गया था, जिससे वह काफी परेशान चल रहे थे, लेकिन स्थानीय पुलिस की मुस्तैदी ने उनकी इस मायूसी को बेहद खूबसूरत मुस्कुराहट में तब्दील कर दिया है। रजौली के प्रभारी थानाध्यक्ष अजय कुमार के कुशल एवं सराहनीय नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और कड़े प्रयासों के जरिए इस मोबाइल को सफलतापूर्वक बरामद कर लिया और फिर एक सादे कार्यक्रम के दौरान सम्मानपूर्वक डब्लू कुमार को सौंप दिया। जैसे ही डब्लू कुमार को उनका खोया हुआ मोबाइल फोन वापस मिला, उनके चेहरे पर एक असीम संतोष और खुशी की लहर दौड़ गई, जिसने इस पूरे अभियान के नाम यानी 'ऑपरेशन मुस्कान' के वास्तविक उद्देश्य को पूरी तरह चरितार्थ कर दिया। पुलिस की इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है, क्योंकि यह कदम न केवल आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को और ज्यादा मजबूत करता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि कानून व्यवस्था का मानवीय चेहरा समाज में कितना बड़ा और सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

### पुलिस फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के एक मामले में कोर्ट निर्गत वारंट के उपरांत पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को धर दबोचा है। मिली जानकारी के अनुसार रजौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बंधन छपरा गांव में छापेमारी की और वहां से वारंटी अभियुक्त उपेंद्र राजवंशी को गिरफ्तार कर लिया, जो चांदो राजवंशी उर्फ दासो राजवंशी का पुत्र है। इस कार्रवाई को रजौली के प्रभारी थानाध्यक्ष अजय कुमार के कुशल नेतृत्व में बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया, जिससे आरोपी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए अभियुक्त उपेंद्र राजवंशी को सुरक्षित पुलिस अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### ट्रैक्टर-बाइक की सीधी टक्कर में घायल युवक की स्थिति गंभीर

**कौआकोल।** कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर चोंगवा मोड़ के पास रविवार देर शाम बाइक और ट्रैक्टर के बीच हुई सीधी टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बरियारपुर गांव निवासी महेंद्र यादव के पुत्र नवीन कुमार के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कौआकोल थाना की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को अपने वाहन से तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल पहुंचाया। पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक के पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। समाचार प्रेषण तक युवक का ईलाज पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### कौआकोल में बैंकर्स कमिटी की बैठक आयोजित

**कौआकोल।** कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को प्रखंड कार्यालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में बैंकर्स कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की गई। बीडीओ ने बैंक अधिकारियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम,मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी),स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरण तथा अन्य लाभकारी योजनाओं के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। इसके लिए बैंक और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। बैठक में ऋण वितरण की स्थिति, लंबित आवेदनों,वित्तीय समावेशन तथा बैंकिंग सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों से सरकारी योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने तथा आम लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, गोंदापुर का किया निरीक्षण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा** माननीय मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार-सह-नवादा जिला प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, गोंदापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माननीय मंत्री ने विद्यालय के शैक्षणिक भवन का निरीक्षण करते हुए कक्षाओं में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं पठन-पाठन की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं तथा विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

इसके उपरांत माननीय मंत्री ने छात्रावास का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में माननीय मंत्री ने विद्यालय के मेस का भी अवलोकन किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, भोजन सूची, रसोईघर की स्वच्छता एवं खाद्य सामग्री के भंडारण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त,नवादा अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, जिला कल्याण पदाधिकारी तथा डीपीएम, जीविका सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20-सूत्री) की समीक्षात्मक बैठक में विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा

## जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर दिए गए आवश्यक निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा** माननीय मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार-सह-नवादा जिला प्रभारी मंत्री एवं अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20-सूत्री), नवादा डॉ. संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20-सूत्री) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा, पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति का आकलन तथा जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों पर आवश्यक निर्णय लेना था। बैठक के प्रारंभ में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा माननीय प्रभारी मंत्री का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत निदेशक, डीआरडीए द्वारा पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का विभागवार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

समीक्षा के क्रम में कृषि विभाग द्वारा किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने, बीज वितरण की व्यवस्था तथा उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने हेतु की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले बीजों की गुणवत्ता जांच के उपरांत ही किसानों के बीच वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि उर्वरक की कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर नियंत्रण हेतु जिले में अब तक 236 छापेमारियां की गई हैं तथा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई। श्रम अधीक्षक ने बताया कि दुर्घटना अनुदान योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापन एवं जांच कर निष्पादन किया जाता है। जांच में पात्र पाए जाने वाले आवेदनों को स्वीकृत किया जाता है, जबकि अपात्र अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदनों को नियमानुसार अस्वीकृत किया जाता है।



लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न आहर-पईन एवं सिंचाई योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, नवादा ने बताया कि विभाग के अंतर्गत कई योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। साथ ही बेलधा आहर-पईन सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार कार्य की अद्यतन स्थिति से भी बैठक को अवगत कराया गया। वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचगांव स्थित पुरानी पोखर में नल-जल योजना के जल के जमा होने से उत्पन्न जल निकासी की समस्या तथा उसके समाधान के लिए किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारी ने बताया कि समस्या के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक तकनीकी कार्रवाई की जा रही है।

सभी विभागों के अनुपालन प्रतिवेदनों एवं योजनाओं की समीक्षा के उपरांत माननीय जनप्रतिनिधियों एवं 20-सूत्री समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न जनहित के मुद्दों, स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों से संबंधित प्रश्न उठाए गए तथा सुझाव प्रस्तुत किए गए। माननीय विधायक, हिसुआ ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कृषि विभाग की कार्यप्रणाली से संबंधित विषयों को उठाया। इस पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई तथा किसानों के हित में विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया गया। जिला परिषद अध्यक्षा ने प्रजातंत्र चौक स्थित पुराने भवनों में संचालित दुकानों के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर ध्यान आकृष्ट कराया तथा दुकानदारों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया।

इसके अतिरिक्त समिति के सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना, पेयजल, सिंचाई तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न सुझाव एवं मांगें प्रस्तुत की गईं। संबंधित विभागीय पदाधिकारियों द्वारा सभी बिंदुओं पर नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। बैठक के दौरान माननीय प्रभारी मंत्री ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही प्राप्त शिकायतों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करते हुए जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के अंत में अपर समाहर्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर 20-सूत्री समिति के उपाध्यक्ष श्री मुकेश विद्यार्थी एवं श्री अनिल मेहता, माननीय विधायिका, नवादा,माननीय विधायिका,गोविंदपुर, माननीय विधायिका, वारिसलीगंज, माननीय विधायक हिसुआ, माननीय विधायक,रजौली,माननीय विधान पार्षद, जिला परिषद अध्यक्षा सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं 20-सूत्री समिति के माननीय सदस्य उपस्थित थे।

## बड़हर में बिजली का खंभा गाड़ने को लेकर हंगामा, पुलिस पहुंची गांव

ग्रामीणों ने रैयती जमीन में खंभा लगाने का किया विरोध, जेई बोले- पुरानी जगह पर ही गाड़ा जा रहा खंभा



ग्रामीणों को समझाते पुलिस बल एवं बिजली विभाग कर्मी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड के बड़हर गांव में सोमवार को बिजली विभाग के कर्मियों को खंभा गाड़ने के दौरान ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीण खंभे को दूसरी जगह लगाने की मांग पर अड़े रहे। विवाद बढ़ने पर कनीय अभियंता भुवनेश्वर प्रसाद ने थाने को सूचना दी। सूचना पर एसआई अरविंद पासवान सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर कायम रहे। ग्रामीण अजय कुमार सिंह ने बताया कि वह परिवार समेत बाहर रहते हैं। पहले बिजली का खंभा उनकी रैयती जमीन के बीच में गाड़ दिया गया था। अब खंभा टूटने के बाद विभाग से उसे जमीन के कोने में लगाने की मांग की जा रही है। उनका आरोप है कि अधिकारी इसे प्रतिष्ठा का सवाल बना रहे हैं। इस मौके पर भीम सिंह,प्रेमचंद राय,राहुल सिंह,विनय सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी। वहीं कनीय अभियंता भुवनेश्वर प्रसाद ने बताया कि बीते शनिवार आंधी-पानी से पेड़ गिरने के कारण बड़हर गांव में बिजली के तार और दो खंभे टूट गए थे। ग्रामीणों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए एक खंभा गाड़ दिया गया है। दूसरे खंभे को उसी पुरानी जगह पर गाड़ने के दौरान कुछ ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से लिखित आवेदन मांगा गया है। आवेदन मिलने पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दूसरे खंभे का काम रुका हुआ है। गांव में बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित है।

## जून माह में जिलेभर में आयोजित होंगे एम्बुलेटरी वाहन पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा** जिले के पशुपालकों को उनके निकटस्थ क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण पशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पशुपालन पदाधिकारी, नवादा द्वारा जून 2026 माह के लिए एम्बुलेटरी वाहन पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम की कार्ययोजना जारी की गई है। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, रोगों की पहचान एवं उपचार, टीकाकरण संबंधी परामर्श, पशुपालन प्रबंधन की जानकारी तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### पशुपालकों से लाभ उठाने की अपील

**शिविरों की निर्धारित तिथियां एवं स्थान निम्नवत हैं :**

- 04.06.2026 – प्रखंड नारदीगंज, चिकित्सालय नारदीगंज, ग्राम पेश, पंचायत धनियामा।
- 05.06.2026 – प्रखंड पकरीबरावां, चिकित्सालय मड़वागुलनी, ग्राम अटारी, पंचायत गुलनी।
- 06.06.2026 – प्रखंड रजौली, चिकित्सालय अंधरवारी, ग्राम मुरहेना, पंचायत दोपट्टा।
- 08.06.2026 – प्रखंड सिरदला, चिकित्सालय सिरदला, ग्राम कशियाडीह, पंचायत बांधी।
- 09.06.2026 – प्रखंड नवादा सदर, चिकित्सालय झिकटौरा, ग्राम अषाढ़ी, पंचायत झुनाठी।
- 10.06.2026 – प्रखंड रोह, चिकित्सालय रोह, ग्राम समरीगढ़, पंचायत समरीगढ़।
- 11.06.2026 – प्रखंड काशीचक, चिकित्सालय वाजिदपुर, ग्राम वहरी बिगहा, पंचायत पार्वती।
- 13.06.2026 – प्रखंड नवादा सदर, चिकित्सालय ओढ़नपुर, ग्राम पनसला, पंचायत खराँट।
- 15.06.2026 – प्रखंड गोविंदपुर, चिकित्सालय गोविंदपुर, ग्राम विशुनपुर, पंचायत विशुनपुर।
- 18.06.2026 – प्रखंड कौआकोल, चिकित्सालय बरौन भुआँलटाड़, ग्राम देवनगढ़, पंचायत देवनगढ़।
- 20.06.2026 – प्रखंड मेसकौर, चिकित्सालय मेसकौर, ग्राम गंगावारा, पंचायत मेसकौर।
- 22.06.2026 – प्रखंड वारिसलीगंज, चिकित्सालय दोसुत, ग्राम मिल्की पर, पंचायत मंजौर।
- 23.06.2026 – प्रखंड कौआकोल, चिकित्सालय फुलडीह, ग्राम चहल, पंचायत पांडेगंगोट।

कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 04 जून 2026 से 23 जून 2026 तक जिले के नारदीगंज, पकरीबरावां, रजौली, सिरदला, नवादा सदर, रोह, काशीचक, गोविंदपुर, कौआकोल, मेसकौर एवं वारिसलीगंज प्रखंडों के चयनित पंचायतों एवं गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर में नामित पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं सहयोगी कर्मी उपस्थित रहकर पशुपालकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने सभी संबंधित शिविर प्रभारियों को निर्देश दिया है कि शिविर की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पशुपालकों को पूर्व से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिकाधिक पशुपालक इस सुविधा का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि एम्बुलेटरी वाहन के साथ विभागीय कर्मी भी उपस्थित रहेंगे तथा शिविर स्थल पर समय पर पहुंचकर आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित शिविरों में अपने पशुओं को लेकर आएं तथा पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, रोग नियंत्रण एवं उन्नत पशुपालन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस महत्वपूर्ण सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

## रजौली में लोजपा (रामविलास) के अनुमंडल कार्यालय का उद्घाटन

विधायक बोले- आम लोगों की समस्याओं का होगा समाधान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली अनुमंडल मुख्यालय के पार बाध स्थित बालाजी मैरेज हॉल में सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अनुमंडलीय स्तरीय कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। रजौली विधायक विमल राजवंशी एवं युवा लोजपा (आर) के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मगध प्रमंडल प्रभारी राजन नायक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रजौली प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान ने की। मौके पर लोजपा (आर) के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, गोविंदपुर विधायक विनीता मेहता, युवा लोजपा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डु, संसदीय दल के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु कुमार, जिला उपाध्यक्ष आरपी साहू, प्रदेश सचिव प्रो. विष्णुदेव पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो. तस्लीमुद्दीन, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष दिलीप पासवान, मेसकौर प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र पासवान, युवा प्रकोष्ठ के रजौली प्रखंड अध्यक्ष रितेश कुमार एवं सिरदला प्रखंड अध्यक्ष संजीत कुमार मौजूद रहे।



कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ विधायक

रजौली विधायक विमल राजवंशी ने बताया कि पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ आम लोग भी अपनी परेशानियां रख सकेंगे। उनका समाधान पार्टी स्तर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यालय के माध्यम से गांव-गांव मुहिम चलाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। विधायक ने बताया कि आने वाले पंचायतीराज चुनाव में मुखिया, पंचायत समिति व सरपंच के चुनाव में लोजपा एवं एनडीए के कार्यकर्ताओं को लाभ मिलेगा। साथ ही रजौली और सिरदला में पार्टी कार्यालय बनाया गया है। कार्यकर्ता समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक एनडीए सरकार की योजनाओं और सुविधाओं को लेकर जागरूकता फैलाएंगे।

## रजौली अस्पताल में एक्सपायर्ड दवाई मिलने से बढ़ी परेशानी,शिकायत करने पर बिना दवाई दिए मरीज को लौटाया

प्रभारी डीएस बोले फार्मासिस्ट को डांट फटकार लगाई गई है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं कर रहे हैं। कर्मियों के लापरवाह रवैए से लोगों का अनुमंडलीय अस्पताल से विश्वास धीरे-धीरे उठता जा रहा है। सरकार एक तरफ करोड़ों रुपए खर्च करके आमलोगों को सुविधा मुहैया कराने को तत्पर है,तो दूसरी ओर स्वास्थ्यकर्मी अपने कर्तव्यहीनता से लोगों के बीच वरीय स्वास्थ्य पदाधिकारियों समेत सरकार के निर्देशों की अवहेलना करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। अस्पताल कर्मियों द्वारा व्याप्त लापरवाही के कारण आमलोगों का विश्वास सरकारी अस्पताल से हटते जा रहा है। सोमवार को महसई निवासी अरुण सिंह की बीमार पत्नी राधा देवी अपने बेटे रोहित सिंह के साथ अस्पताल आती है। अस्पताल के ओपीडी में रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद बीपी एवं शुगर जांच के बाद चिकित्सक से मिलती है। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद द्वारा मरीज से पूछताछ कर जरूरी दवाइयां लिख कर दवाई लेने भेज दिया गया। अस्पताल के दवाई काउंटर पर रहे फार्मासिस्ट द्वारा पर्ची पर लिखे दवाइयों के साथ दो महीने पूर्व एक्सपायर्ड डाईएथिल बेमाजीन साइट्रेट सिरप दी गई। खांसी एवं कफ से मरीज राधा देवी के साथ रहे बेटे ने कफ़ सिरप को एक्सपायर्ड पाया और इसकी शिकायत फार्मासिस्ट से की। शिकायत करने पर फार्मासिस्ट ने एक्सपायर्ड दवाई रखकर पर्ची पर चिकित्सक द्वारा लिखे दवाई ब्रमोहेक्सिन हाइड्रोक्लोराइड का नाम काटकर कहा कि यह दवाई



एक्सपायर्ड दवाई का फोटो

अस्पताल में नहीं है। पीड़ित परिजन ने कहा कि चिकित्सक ने जो दवाई लिखी थी, फार्मासिस्ट द्वारा उसके जगह दूसरी एक्सपायर्ड दवाई दी और बाद में शिकायत करने पर बिना दवाई दिए वापस घर भेज दिया। इस प्रकरण से उनका विश्वास सरकारी अस्पताल से उठ गया और वे मोहल्ले के प्रैक्टिशनर से इलाज करवाकर जरूरी दवाइयां अपनी मां को खिला रहे हैं।

इस संबंध में अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि इस प्रकरण में फार्मासिस्ट को डांट फटकार लगाई गई है। फार्मासिस्ट द्वारा बताया गया कि वो गलती से दवाई को मरीज को दे दिया गया था। अब सवाल उठता है कि पर्ची पर लिखा था दूसरी दवाई का नाम,उसके जगह दूसरी दवाई दी गई और वो भी एक्सपायर्ड थी। इस प्रकार एक ही मरीज के साथ दो-दो गलतियां को अस्पताल प्रबंधन द्वारा मात्र डांट फटकार कर रफा दफा कर दिया गया। क्या फार्मासिस्ट द्वारा दवाई वितरण कक्ष में रखे दवाइयों का निरीक्षण नहीं किया जाता है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि मरीजों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार का मुख्य कारण रोगी कल्याण समिति का निष्क्रिय रहना बताया जा रहा है।

## सोखोदेवरा में श्री सूर्य देव भगवान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन, 21 से 27 जून तक चलेगा धार्मिक अनुष्ठान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव स्थित सूर्य मंदिर परिसर में श्री श्री 108 श्री सूर्य देव भगवान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ सह संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 21 जून से 27 जून 2026 तक किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन समिति के अनुसार यज्ञ का शुभारंभ 21 जून को प्रायश्चित जलयात्रा,पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश,संध्या आरती एवं कथा प्रारंभ के साथ होगा।



इसके बाद प्रतिदिन विभिन्न वैदिक अनुष्ठान, हवन, पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत 22 जून को अग्नि प्राकट्य एवं हवन प्रारंभ,23 जून को जलाधिवास,24 जून को अन्नाधिवास,25 जून को पुष्पाधिवास एवं फलाधिवास,26 जून को धूपाधिवास तथा नगर भ्रमण का आयोजन होगा। वहीं 27 जून को शुभ मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति,महाआरती एवं कथा विश्राम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। यज्ञ एवं कथा का प्रवचन परम श्रद्धेय आचार्य श्याम दास जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन,चित्रकूट धाम) द्वारा किया जाएगा। आयोजन लोकनायक स्पोर्टिंग सह सूर्य मंदिर निर्माण समिति,सोखोदेवरा के तत्वावधान में कराया जा रहा है। समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व पार्षद पर पिटाई का आरोप, दोनों पक्षों ने थाने में की शिकायत

**गया।** गयाजी शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नादरगंज इलाके में मारपीट का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस मामले में नगर निगम वार्ड संख्या-38 के पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद हलीम पर पिटाई का आरोप लगा है। पुलिस ने बताया कि यह विवाद 8 लाख रुपये के लेनदेन को लेकर शुरू हुआ था। घटना के बाद दोनों पक्षों ने सिविल लाइन थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आलिगंज निवासी पीड़ित पक्ष ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि वे बकाया रुपये की मांग को लेकर नादरगंज पहुंचे थे, जहां उनके साथ मारपीट की गई और अभद्र व्यवहार किया गया। वहीं, आरोपों के घेरे में आए पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद हलीम ने भी अपना पक्ष रखते हुए सिविल लाइन थाना में एक लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने पुलिस को घटना से संबंधित अपनी जानकारी और पक्ष से अवगत कराया है। दोनों पक्षों की ओर से आवेदन दिए जाने के बाद पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है, जिसका एक हिस्सा सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि, पुलिस की ओर से वायरल वीडियो की प्रामाणिकता और उसमें दिखाई गई परिस्थितियों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले में दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज की भी बारीकी से जांच की जा रही है ताकि घटना की वास्तविकता सामने आ सके। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि विवाद की शुरुआत किन परिस्थितियों में हुई और किस पक्ष की भूमिका क्या रही। सिविल लाइन थाना के एक विश्वसनीय पुलिस पदाधिकारी ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर रविवार को बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन मिला हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### गयाजी में आरपीएफ ने 5 शातिर चोरों को किया अरेस्ट, चोरी के मोबाइल, ब्लूटूथ और बैग बरामद

**गयाजी।** पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दो महत्वपूर्ण अभियान चलाए। 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत 5 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से चोरी के मोबाइल फोन और बैग बरामद हुए। वहीं, 'ऑपरेशन अमानत' के तहत महाबोधि एक्सप्रेस में छूटा एक यात्री का ब्लूटूथ डिवाइस सुरक्षित लौटाया गया। ये कार्रवाई सोमवार को आरपीएफ थाना अध्यक्ष बनारसी यादव, निरीक्षक चंदन कुमार और थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक शिवकुमार के निर्देशन में की गई। सहायक उपनिरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला समेत प्रधान आरक्षी संजय कुमार राय, आरक्षी राकेश कुमार सिंह, अनिल प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, सीआईबी गया के प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय, सीपीडीएस गया के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार एवं आरक्षी सुनील कुमार सहित अन्य जवानों की टीम गया यार्ड के सेक्टर-7 क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान टीम ने ट्रेन संख्या 18624 हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म संख्या-7 से खुलकर धीरे-धीरे यार्ड की ओर बढ़ते देखा। इसी दौरान स्लीपर कोच से तीन संदिग्ध युवक उतरकर बैरागी क्षेत्र की ओर तेजी से जाते दिखाई दिए। उनकी संदिग्ध गतिविधियों के कारण सुरक्षा बल ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। इसी समय प्लेटफॉर्म संख्या-1 के हावड़ा छोर के पास से दो अन्य संदिग्ध युवक भी पकड़े गए। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान प्रह्लाद कुमार (नवादा), राहुल कुमार (गया), गणेश कुमार चौहान (गया), पवन सिंह (पुरुलिया, पश्चिम बंगाल) और निर्मल सिंह (पुरुलिया, पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई। उनके पास से वीवो, सैमसंग और इंटेल कंपनी के पांच स्मार्टफोन, दो शोल्डर बैग, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड सहित यात्रियों के महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि बरामद सामान उन्होंने ट्रेन और रेलवे परिसर में यात्रियों से चोरी किया था। आरपीएफ की इन कार्रवाइयों को यात्रियों की सुरक्षा और विश्वास को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। संदिग्धों के पास से बरामद सामान की अनुमानित कीमत लगभग 75 हजार रुपये आंकी गई है। इसके बाद सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी के सामान को जब्त कर लिया गया। मामले में रेल थाना गया में कांड संख्या 147/26 दिनांक 1 जून 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इधर, यात्रियों की खोई हुई संपत्ति को सुरक्षित वापस पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "ऑपरेशन अमानत" के तहत भी आरपीएफ गया ने सराहनीय कार्य किया।

नवादा जिले के हिसुआ निवासी 26 वर्षीय अभिषेक कुमार ने आरपीएफ को सूचना दी कि वह ट्रेन संख्या 12398 डाउन महाबोधि एक्सप्रेस के ए-2 कोच में बर्थ संख्या-34 पर दिल्ली से गया तक यात्रा कर रहे थे। गया स्टेशन पर उतरने के दौरान उनका ब्लूटूथ डिवाइस कोच में ही छूट गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया और लोको वाशिंग पिट में तैनात आरक्षी श्रीराम कुमार को खोजबीन का निर्देश दिया। आरक्षी द्वारा संबंधित कोच की तलाशी लेने पर यात्री का ब्लूटूथ डिवाइस बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद उसे सुरक्षित रूप से आरपीएफ पोस्ट गया में जमा कराया गया तथा इसकी सूचना संबंधित यात्री को दी गई। कुछ समय बाद अभिषेक कुमार आवश्यक दस्तावेजों के साथ आरपीएफ पोस्ट पहुंचे और अपने ब्लूटूथ की पहचान की। दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद सहायक उपनिरीक्षक रणधीर कुमार द्वारा ब्लूटूथ को सही-सलामत उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया गया। यात्री ने ब्लूटूथ की कीमत लगभग 1400 रुपये बताई। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा, चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने तथा यात्रियों की खोई हुई संपत्ति को वापस दिलाने के लिए "ऑपरेशन यात्री सुरक्षा" और "ऑपरेशन अमानत" जैसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और यात्रियों में रेलवे सुरक्षा बल के प्रति विश्वास भी बढ़ रहा है। आरपीएफ ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने सामान पर विशेष नजर रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल या हेल्पलाइन नंबर पर दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### 'बहू साइबर ठगी की शिकार हुई, इसलिए आत्महत्या कर ली'

**नालंदा।** नालंदा के परवलपुर थाना क्षेत्र के सिनांवा गांव में रविवार की शाम एक 20 साल की विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव उसके ही ससुराल में फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। मृतका की पहचान सिनावां गांव निवासी चंदन कुमार की पत्नी सोनम कुमारी के रूप में की गई है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है, जबकि ससुराल वालों का दावा है कि महिला ने साइबर फ्रॉड का शिकार होने के डर से खुदकुशी की है। सूचना मिलते ही परवलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पटना जिले के गौरीचक थाना अंतर्गत नेहालचक निवासी सुधीर चौहान की बेटी सोनम की शादी करीब एक साल पहले 7 मई 2025 को सिनांवा गांव के निवासी विजय चौहान के पुत्र चंदन कुमार के साथ हुई थी। मृतका का डेढ़ महीने का एक बच्चा भी है, जबकि उसका पति चंदन रोजगार के सिलसिले में चेन्नई में रहता है। मृतका के पिता सुधीर चौहान ने पुलिस और मीडिया को बताया कि शादी के बाद से ही सोनम को उसकी सास की ओर से प्रताड़ित किया जाता था। बीमार पड़ने पर सास उसे ताने मारती थी कि जब से आई है, सिर्फ इलाज में पैसा खर्च हो रहा है। पिता ने बताया कि रविवार को भी सोनम का उनके पास रोते हुए फोन आया था। उस वक्त उसकी सास उसे काफी भला-बुरा कह रही थी, जिसे उन्होंने खुद फोन पर सुना और सास को समझाने का प्रयास भी किया। पिता सुधीर चौहान ने बताया कि फोन पर सोनम काफी डरी और घबराई हुई थी। उसने रोते हुए तुरंत पैसे भेजने की मांग की और कहा कि पैसे भेज दीजिए, फिर बताती हूं कि क्या बात है। बेटी की घबराहट देखकर उन्होंने तुरंत उसके बैंक खाते में 17 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन पैसे भेजने के महज दो मिनट बाद जब उन्होंने बेटी को दोबारा कॉल किया, तो उसने फोन नहीं उठाया और बाद में सीधे उसकी मौत की मनहूस खबर आई। मृतका के पिता ने अपने डेढ़ महीने के नाती के भविष्य का हवाला देते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, दूसरी तरफ मृतका के ससुर विजय चौहान ने हत्या और प्रताड़ना के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। ससुर का कहना है कि जिस वक्त सोनम ने फंदे से लटक कर जान दी, उस समय वह घर में अपने छोटे बच्चे के साथ बिल्कुल अकेली थी। उनकी पत्नी पूर्णिमा स्नान के लिए फतुहा गई हुई थीं और वह खुद गांव में ही दूसरी जगह मजदूरी करने गए थे।

# गयाजी के विकास के लिए आयुक्त, विधायक की मैराथन बैठक, विकास कार्यों की समीक्षा भी हुई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार एक बार फिर एक्शन मोड में दिखे। सोमवार को उन्होंने मगध प्रमंडल के आयुक्त के साथ मैराथन बैठक की। गयाजी के विकास, फल्गु नदी के सुंदरीकरण, बेसहारा पशुओं और शहर को हरा-भरा बनाने के लिए शानदार प्रस्ताव रखे गए। बैठक में बोधगया से चाकंद तक पटना की तर्ज पर शानदार फ्लाईओवर की बात कही गई है। शहर में सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक लाइट लगाने के लिए 55 करोड़ की भारी-भरकम योजना स्वीकृत हुई थी। काम शुरू भी हुआ, लेकिन नगर निगम के माननीयों ने अपनी कथित आपत्ति जता कर काम ही रुकवा दिया। विधानसभा अध्यक्ष को बैठक में कहना पड़ा कि कोर्ट के आदेश के बाद अब इस काम को दोबारा शुरू कराया जाएगा।

**प्रस्तावों का लॉलीपॉप और जमीनी हकीकतः** बैठक में किसानों की सिंचाई, मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार (जिस पर 6 करोड़ फूंकने के बाद भी बॉडी नहीं जल पा रही) और गांधी मैदान को खाली कराने जैसे कई लुभावने मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को हर महीने समीक्षा और अनुपालन रिपोर्ट देने का सख्त निर्देश दिया है।

**जाम से मुक्ति और फ्लाईओवर परियोजनाओं की समीक्षाः** बैठक में शहर की सबसे गंभीर समस्या 'जाम' पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए वर्तमान में तीन आरओबी और फ्लाई ओवर पर काम चल रहा है, जिसमें मां वागेश्वरी मंदिर के समीप आरओबी और मानपुर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अतिरिक्त,




एनएच-82 (NH-82) बाईपास के आगे एक अन्य फ्लाईओवर निविदा (टेंडर) प्रक्रिया में है। यातायात को सुगम बनाने के लिए बोधगया से नदी के किनारे होते हुए चाकंद (पटना मार्ग) तक एक नए फ्लाईओवर का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। यह रूट अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट, चंदौती प्रखंड और गया कॉलेज होते हुए बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन को जोड़ेगा, जिससे अस्पताल, स्टेशन और एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा डेल्हा से धनिया बगीचा होते हुए टिकारी रोड और रेलवे गुमटी नंबर 1 पर आरओबी निर्माण का भी प्रस्ताव दिया गया है। बरसों से लंबित बस स्टैंड को भी सही स्थान पर स्थानांतरित करने पर चर्चा हुई।

**अतिक्रमण मुक्ति, पर्यावरण और जन-सुविधाएंः** अतिक्रमण और पर्यावरणः फल्गु नदी के किनारों को अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त कराने तथा शहर के पहाड़ों, नदियों, कॉलेजों और अस्पतालों के आसपास बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया गया। चालू वित्तीय वर्ष में 24 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। गांधी मैदानः पटना की तर्ज पर गया के गांधी मैदान को भी टेलीफोन एक्सचेंज और भवन निर्माण विभाग के कार्यालयों से मुक्त कराकर बेहतर स्वरूप देने की बात कही गई।

स्वास्थ्य अवसंरचनाः छोटकी नवादा स्थित कुष्ठ अस्पताल की 10 एकड़ जमीन पर नया अस्पताल बनाने और वहां रह रहे मरीजों के लिए अन्यत्र बेहतर व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। साथ ही में संक्रामक रोग अस्पताल (IDH) के 1080 बेड के नए भवन निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। कृषिः जिले के किसानों को मिल रही सिंचाई सुविधाओं का विस्तृत ब्यौरा लिया गया और इसमें सुधार के निर्देश दिए गए।

**मुक्तिधाम और बाजार समितिः** 6 करोड़ की लागत के बावजूद मुक्तिधाम में शवदाह गृह के सुचारू रूप से न चलने पर जवाबदेही तय करने की बात हुई। इसके अलावा, कृषि बाजार समिति में निर्मित दुकानों में शहर के थोक बाजार (होलसेल मार्केट) को शिफ्ट करने और वेंडिंग जोन व पार्किंग की व्यवस्था करने पर चर्चा हुई।

**धार्मिक कॉरिडोर व खेलः** बैठक में बोधगया और गयाजी के महत्व को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा घोषित 2000 करोड़ के कॉरिडोर प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई। वहीं, पंचायतों में खेल के मैदान और क्लबों की स्थापना तथा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को जल्द शुरू करने की बात कही गई।

## उत्पाद बलों ने शराब परिवहन में जुटे टोटो को किया जब्त

**60 केन बियर के साथ टोटो चालक व तस्कर गिरफ्तार,जाएंगे जेल**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर सोमवार की दोपहर को उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता ने एक टोटो पर सवार रहे दो लोगों को 60 केन बियर के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जांच चौकी से महज 400 मीटर दूर की गई,जब शराब तस्कर झारखंड से बियर लेकर गांव में घुसने वाला था। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के नेतृत्व में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि झारखंड की ओर से एक टोटो पर शराब और बियर का परिवहन किया जा रहा है,जो चितरकोली गांव जाने वाला है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता द्वारा छापेमारी कर जांच चौकी के नजदीक ही तस्कर को दबोच लिया गया। टोटो संख्या जेएच12टी6774 की जांच की गई,जांच के दौरान पिछले सीट पर बैठे चितरकोली गांव निवासी पोदीना तुरिया के पुत्र गोरेलाल कुमार उर्फ गारालाल कुमार के पास रहे तीन बैग से 500 एमएल वाले कुल 60 किंगफिशर के स्ट्रांग और अल्ट्रा नामक केन बियर बरामद किया गया है। बरामद बियर के साथ टोटो चालक कोडरमा जिले के कोडरमा थाना क्षेत्र के गोसाईं बिगहा गांव निवासी स्व. सुनील नाथ गोस्वामी के पुत्र संतोष कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों द्वारा बताया गया कि वे झारखंड से बियर और शराब बिहार लाकर अधिक मुनाफे पर बेचने का काम करते हैं। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जब्त बियर व टोटो के अलावे गिरफ्तार दोनों लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस मौके पर गृहरक्षक के जवान भी मौजूद रहे।

## बीटेक छात्र नलिन का शव पहुंचते ही रो उठा पूरा गावं



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)।** प्रखंड के डोहरा गांव में बीटेक छात्र नलिन कुमार का शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक नलिन कुमार डोहरा पंचायत के उप मुखिया सह डोहरा निवासी नीलम देवी व उनके पति पूर्व उप मुखिया संजय कुमार का 26 वर्षीय छोटा पुत्र था। मृतक का शव दिल्ली से एम्बुलेंस से सोमवार की दोपहर में डोहरा गांव पहुंचते ही उसके पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। घर परिवार की महिलाएं व अन्य लोगों का हाल बुरा हो रहा था। लोग रो बिलख रहे थे। दहाड़ मारकर रो रहे थे। काफी संख्या में पहुंच कर लोग सान्तवना देने में लगे रहे। लोग कहते हैं कि घर परिवार और समाज पर मानो दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। गांव के होनहार युवक की मौत से सभी दुखी थे। उसके पार्थिव शरीर को गांव स्थित पंचाने नदी श्मशान घाट में अग्नि संस्कार हुआ। जहां मृतक के बड़े भाई सचिन कुमार ने अश्रुपूरित नेत्रों से मुखाग्नि दी। मृतक के मां नीलम देवी,पिता संजय कुमार, बहन राखी कुमारी,चाचा सूबेदार धन्नजय कुमार,रवि राय, राकेश कुमार, ई.सुरेन्द्र यादव,मनोज यादव,दीपू यादव,दिलीप साव समेत अन्य लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। बताया गया कि नई दिल्ली स्थित साकेत के सैदुलअजाईब में पांच मंजिला इमारत 30 मई 2026 यानी शनिवार की रात में गिरने से नलिन कुमार की मौत हो गई थी। स्वजन ने बताया नलिन बीटेक की पढ़ाई पूरी कर ली थी। अब उसे जॉब लगना था। वह दिल्ली में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह 30 मई 2026 की शाम में उस मंजिल में भोजन करने के लिए गया था।

## 'लो फील हो तो पेरेंट्स का चेहरा याद करना'



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** JEE Advanced 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। गयाजी के शुभम कुमार ने परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-1 (AIR 1) हासिल की है। शुभम IIT दिल्ली जोन के छात्र हैं। उन्होंने कुल 360 में से 330 अंक प्राप्त किए हैं। इससे पहले शुभम ने JEE Main 2026 के दोनों सेशन में भी 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया था। शुभम गया के ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल के छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। परीक्षा में कबीर छिल्लर ने 360 में से 329 अंक हासिल कर देश में दूसरा स्थान (AIR 2) प्राप्त किया। वहीं, जतिन चाहर ने 319 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 हासिल की। ये दोनों छात्र भी IIT दिल्ली जोन से हैं। शुभम ने बताया, पढ़ाई के लिए सोशल मीडिया से दूरी बन ली थी। रोज 8 घंटे पढ़ते थे। उन्होंने कहा, अगर आप कभी भी हारा हुआ या लो फील करते हो तो अपने पेरेंट्स का चेहरा याद कर लो सब ठीक हो जाएगा।

**सोशल मीडिया से दूरी, 8 घंटे डेली स्टडीः** शुभम ने बताया कि वो पिछले 2 साल से इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बना ली थी, जो आज के समय में भटकाव का सबसे बड़ा कारण है। रोजाना बिना नागा किए 7 से 8 घंटे सेल्फ स्टडी को देते थे। उनका मानना है कि शिक्षकों के सही मार्गदर्शन, सहपाठियों के सहयोग और नियमित योगदान के बिना ऐसी कठिन परीक्षा को पास करना नामुमकिन था। शुभम ने साफ किया कि उनका अगला कदम देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी बॉम्बे में दाखिला लेना है। वे वहां की सबसे कड़े कॉम्पिटिशन वाली कंप्यूटर साइंस (CS) ब्रांच से बीटेक करना चाहते हैं।

**हार्डवेयर का कारोबार करते हैं शुभम के पिताः** शुभम के पिता शिव कुमार हार्डवेयर व्यवसाय से जुड़े हैं। मां कंचन देवी गृहिणी हैं। शुभम की सफलता में परिवार के भरोसे और सहयोग की अहम भूमिका रही। उन्हें कोचिंग संस्थान की ओर से 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप भी मिली थी। शुभम गया शहर के नादरागंज इलाके के निवासी हैं। फिलहाल वे कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। इसकी जानकारी ब्रिटिश स्कूल गुरुकुल के डायरेक्टर भीम राज ने दी। भीम राज ने कहा, "शुभम की लगन, मेहनत और समर्पण को देखते हुए हमें दो वर्ष पहले ही अंदाजा हो गया था कि वह राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान हासिल करेगा। जैसा हमने सोचा था, उसने वैसा ही कर दिखाया। यह हमारे स्कूल के लिए बेहद गर्व की बात है।" शुभम के नेशनल टॉप करने पर सीएम सम्राट ने भी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**कट-ऑफ 2026 में 18 अंकों की बढ़ोतरी हुईः** इस साल परीक्षा में कट ऑफ बढ़ गया है, इसमें बीते साल 2025 से 18 अंक की बढ़ोतरी हुई है और ये 92 हो गई है। वहीं सब्जेक्ट वाइज कट ऑफ में जनरल कैटेगरी के 8 अंक बढ़े हैं। एजुकेशन एक्सपर्ट के मुताबिक अनुसार परीक्षा में बैठने वाले कैंडिडेट्स में 31.65 फीसदी पास हुए हैं। 187389 विद्यार्थी रजिस्टर्ड हुए थे, जिनमें से 179694 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिनमें से 56,880 को काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई घोषित किया है इस बार कट ऑफ परसेंटाइल नंबर भी बढ़ा है।

## 'नियम सबके लिए बराबर, खाली करने होंगे आवास'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** बिहार में सत्ता बदलने और विधायकों के पद बदलने के बाद भी सरकारी आवास खाली न करने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पूर्व मंत्रियों और विधायकों की ओर से वीआईपी आवासों को खाली न करने और इस प्रक्रिया का विरोध करने पर राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेज हो गई है। इस पूरे विवाद पर सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए नगर विधायक व बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार का कहना है कि सरकारी आवासों का आवंटन किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं। बल्कि उनके पद की गरिमा और कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए होता है। भवन निर्माण विभाग के नियमों के अनुसार, जैसे ही किसी का पद बदलता है या वे चुनाव हार जाते हैं, उन्हें तय समय सीमा के भीतर अपना सरकारी बंगला खाली कर देना चाहिए। यह एक प्रशासनिक प्रक्रिया है और इसका पालन हर किसी को ईमानदारी से करना चाहिए।

**'नियम सबके लिए बराबर, खाली करने होंगे आवास'ः** बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार की एक स्पष्ट नीति है। मंत्रियों, विधायकों और विधान पार्षदों को उनके



कार्यकाल के दौरान रहने के लिए आवास उपलब्ध कराए जाते हैं। लेकिन जब वे उस पद पर नहीं रहते, तो उन्हें खुद आवास खाली कर देना चाहिए ताकि नए चुने गए जनप्रतिनिधियों को वे बंगले आवंटित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि यह एक स्थापित नियम है जिसका पालन सभी को करना चाहिए। सरकार किसी को बेघर नहीं कर रही है। जो लोग अब पूर्व हो चुके हैं, उन्हें भी नियम के अनुसार दूसरा आवास दिया जा रहा है। ऐसे में पुराने आवासों को खाली करने में सहयोग करना चाहिए। राबड़ी देवी का सरकारी आवास खाली कराने की प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध किए जाने की खबरें भी सामने आ रही हैं के सवाल पर चिंता जताते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में कानून और नियम सबके लिए एक समान होते हैं। जब सरकार सभी पूर्व मंत्री व विधायकों को वैकल्पिक आवास की व्यवस्था दे रही है तो पुराने बंगलों पर जमे रहना उचित नहीं है। उन्होंने सभी नेताओं से अपील की है कि वे भवन निर्माण विभाग के नियमों का सम्मान करें और प्रशासनिक प्रक्रिया में सहयोग करें।

**राबड़ी देवी के बंगला खाली करने से जुड़ा है मामलाः** भवन निर्माण विभाग की ओर से पूर्व CM राबड़ी देवी को 20 साल पुराना सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। विभाग का राबड़ी देवी को ये तीसरा नोटिस है। नोटिस में कहा गया है कि ये आवास अब डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन (पशुपालन) मंत्री नंदकिशोर राम को आवंटित है। बिहार चुनाव-2025 के बाद ही राबड़ी देवी को नया 39 हार्डिंग रोड बंगला आवंटित किया गया था। इस पर राबड़ी देवी ने कहा, '10 सर्कुलर रोड वाला अवास किसी भी कीमत पर खाली नहीं करेंगे। सम्राट नए-नए मुख्यमंत्री बने हैं। हम तो चाहते हैं सम्राट चौधरी फोर्स बुलाकर आवास खाली करवा लें।' वहीं सचिवालय SDPO अनु कुमारी राबड़ी आवास पहुंची है। पुलिस फोर्स को भी बुलाया गया है। राबड़ी देवी ने सचिवालय SDPO को अंदर बुलाकर बातचीत की।

## नालंदा के दहपर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ








सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नालंदा जिले में नूरसराय प्रखंड के दहपर हाई स्कूल कैंपस में आज(1 जून 2026) से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया है। सोमवार की अहले सुबह इस पावन अनुष्ठान की शुरुआत एक विशाल कलश यात्रा के साथ हुई। मगड़ा स्थित श्री शीतला माता मंदिर से सुबह 6 बजे आरंभ हुई मंगल कलश यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे भक्ति-भाव और उत्साह के साथ 1001 माताओं और बहनों ने अपने सिर पर कलश धारण कर कथा स्थल तक पदयात्रा की। जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण गुंजायमान और भक्तिमय हो गया।

**हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुः** श्रद्धा वृंदावन से पधारे कथा व्यास श्याम शुभम महाराज ने बताया कि यह संगीतमय भागवत कथा जून तक अनवरत चलेगी। सुबह के सत्र में 6 बजे से 10 बजे तक कलश यात्रा का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद, प्रतिदिन संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्रद्धालुओं को संगीतमय भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। इस दिव्य धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का भरपूर और सुंदर सहयोग मिल रहा है।

**8 जून को विशाल भंडाराः** चौर बिगहा निवासी आयोजक परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि इस महायज्ञ में केवल एक गांव नहीं, बल्कि पूरे नूरसराय प्रखंड के लोग पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। इस ज्ञान यज्ञ में उनका केवल सहयोग है, जबकि इसकी पूरी कमान और देखरेख ग्रामीणों के हाथों में है। यह कथा किसी व्यक्ति विशेष या उनकी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज और ग्रामवासियों की है। उन्होंने जनता से इसे अपना यज्ञ मानकर इसमें बढ़-चढ़कर समर्थन और भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सात दिनों तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद 8 जून को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण इलाकों में नहीं हो रही गैस की होम डिलिवरी

**बक्सर**। पश्चिमी एशिया में युद्ध और बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने का असर अब जिले में घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता पर भी दिखने लगा है। तेल कंपनियों द्वारा गैस सिलेंडरों के आवंटन में करीब 60 प्रतिशत तक कटौती किए जाने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि गैस बुकिंग कराने के 10 से 15 दिन बाद भी लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को हो रही है। कई गांवों में होम डिलीवरी सेवा लगभग ठप पड़ गई है। ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है कि सिलेंडर में भरा गैस 30 दिन के भीतर ही समाप्त हो जाता है, लेकिन नया सिलेंडर लेने के लिए पहले 45 दिन पूरे होने का इंतजार करना पड़ता है।

### सहयोग शिविर लगाने को पंचायतवार रोस्टर जारी

**बक्सर** । आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 2 जून को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर पंचायतवार रोस्टर जारी किया गया है। जारी सूची के अनुसार शिविर 2 पालियों में आयोजित होंगे। पहली पाली पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 1बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। पहली पाली में बक्सर प्रखंड – छोटका नुआंव, रहसीचक, राजपुर - समहुता, मटकीपुर, राजपुर, इटाढ़ी प्रखंड के अतरौना, बिझौरा, चौसा प्रखंड के डिहरी, पलिया, सिमरी प्रखंड के राजपुर कला, डुमरांव प्रखंड के कसिया, ब्रह्मपुर प्रखंड हरनाथपुर, मड़ुआर, नावानगर प्रखंड के सिकरौल, बाबूगंज इंग्लिश पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे। दूसरी पाली में बक्सर सदर प्रखंड के नदांव, महदह, चौसा प्रखंड के सिकरौल, राजपुर प्रखंड के बारूपुर, नागपुर,इटाढ़ी प्रखंड के इंदौर, डुमरांव प्रखंड के चिलहरी, कुशलपुर, चक्की प्रखंड के चक्की, नावानगर प्रखंड के बेलांव सिमरी प्रखंड के नियाजीपुर खुर्द, ढकाई, चौगाईं प्रखंड के खेबली, केसठ प्रखंड के केसठ में शिविर लगाया जाएगा। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि प्रत्येक शिविर में वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### एमवी कॉलेज में इग्नू सत्रांत परीक्षा आज से

**बक्सर** । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की जून 2026 सत्रांत परीक्षा 1 जून 2026 से 21 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रतिवर्ष दो बार जून एवं दिसंबर सत्र में आयोजित होती है। पटना क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत अध्ययन केंद्र एमवी कॉलेज, बक्सर को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां इस वर्ष लगभग 14,000 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो कृष्णा कांत सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले सेंटर पर पहुंचना जरूरी परीक्षा केंद्र के केंद्र अधीक्षक डॉ रास बिहारी शर्मा ने परीक्षार्थियों से अपील करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर अपना स्थान सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन में सभी का सहयोग आवश्यक है। यदि किसी कारणवश किसी विद्यार्थी का कोई पेपर छूट जाता है तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इग्नू विद्यार्थियों को अपनी सुविधा अनुसार अगले सत्र में पुनः परीक्षा देने का अवसर प्रदान करता है। केंद्र के सह समन्वयक डॉ सुजीत कुमार यादव ने बताया कि परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षार्थियों को केवल अपना एडमिट कार्ड, पहचान पत्र एवं कलम लेकर ही परीक्षा केंद्र पर आने की अनुमति होगी। यदि किसी विद्यार्थी के पास आई-कार्ड उपलब्ध नहीं है तो फोटोयुक्त अन्य वैध पहचान पत्र मान्य होगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं में संवेदनशीलता

**बक्सर** । भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण महाभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय 2026 सेकेंड फेज रविवार को सम्पन्न हो गया। विधान पार्षद निवेदिता सिंह के मार्गदर्शन में पांच वर्ग-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रशिक्षण महाअभियान के दूसरे सत्र का उद्घाटन भीखु भाई दलसानियां, संगठन महामंत्री, भाजपा बिहार, निवेदिता सिंह, विधान पार्षद, संतोष रंजन राय, प्रदेश उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश भुवन, भाजपा जिलाध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षण महाअभियान का पहला सत्र भीखु भाई दलसानियां, संगठन महामंत्री, ने लिया। अध्यक्षता ओमप्रकाश भुवन, जिला अध्यक्ष, ने की। संचालन धनंजय त्रिगुण ने किया। दलसानियां का विषय था कार्यकर्ता विकास, गुण, आचरण और अपेक्षाएं। प्रशिक्षण महाअभियान का दूसरा सत्र संतोष रंजन राय, प्रदेश उपाध्यक्ष, ने लिया। अध्यक्षता राणा प्रताप सिंह ने की। संचालन अरविंद पासवान ने किया। संतोष रंजन राय का विषय मीडिया विमर्श रहा। उन्होंने इस पर अपना व्याख्यान दिया। वहीं तीसरा सत्र शिव नारायण पाण्डेय ने लिया। इनका विषय सोशल मीडिया, मीडिया की नई तकनीक, एआई, प्रभावी सूचना तंत्र, संगठन के लिए सकारात्मक प्रशिक्षण निर्माण रहा। चौथा सत्र राजेन्द्र भंडारी ने लिया। अध्यक्षता सदर विधायक आनन्द मिश्रा ने की। संचालन विनोद तिवारी, जिला मंत्री, ने किया। इनका विषय विचार परिवार रहा। उन्होंने उपस्थित लोगों के बीच अपना मंतव्य रखा। पांचवां सत्र श्रेयसी सिंह, मंत्री, बिहार सरकार, ने लिया। अध्यक्षता ओमप्रकाश भुवन ने की। संचालन लक्ष्मण शर्मा ने किया। श्रेयसी सिंह के वर्ग-प्रशिक्षण का विषय समाधान, समारोह एवं राष्ट्रगान रहा। उन्होंने अपने विषय को दमदार तरीके से कार्यकर्ताओं के बीच रखा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके कार्यकर्ताओं में कूट-कूटकर देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति संवेदनशीलता मिलती है।

### रालोमो जिलाध्यक्ष चुनाव में बवाल, प्रक्रिया रद्द

**बक्सर** । राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष चुनाव के दौरान रविवार को शहर के बाईपास रोड स्थित एसएस पैलेस में आयोजित कार्यक्रम उस समय विवादों में घिर गया, जब दो दावेदारों के समर्थकों के बीच शुरू हुई बहस ने उग्र रूप ले लिया। जिलाध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान धन जी कुशवाहा और विंध्याचल सिंह कुशवाहा समर्थक गुटों के बीच हुए विवाद के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। देखते ही देखते मामला हाथापाई और मारपीट तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि तीन अलग-अलग चरणों में दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने आए, जिसमें कई कार्यकर्ताओं को चोटें आईं। स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार शुरुआत में चुनाव प्रक्रिया और मतदान व्यवस्था को लेकर दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच कहासुनी हुई थी। हालांकि कुछ ही देर बाद विवाद बढ़ गया और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन तनाव लगातार बढ़ता गया। इससे कुछ समय के लिए चुनावी प्रक्रिया भी बाधित हो गई। विवाद के दौरान विंध्याचल सिंह कुशवाहा समर्थक गुट ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। समर्थकों ने चुनाव प्रभारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता आरके सिन्हा पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से नहीं कराई जा रही थी। घटना की जानकारी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा को भी दी और मामले में हस्तक्षेप की मांग की। लगभग एक घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज घटनाक्रम के बाद राज्यस्तरीय नेताओं की पहल पर मामला शांत कराया गया। इसके बाद बढ़ते विवाद और तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए जिलाध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया। विंध्याचल सिंह कुशवाहा ने कहा कि उनका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है, लेकिन चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ी। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से कराया जाता तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व जो निर्णय लेगा, उसका सम्मान किया जाएगा।

# दंपति समेत एक ही परिवार के छह लोगों की पिटाई

◆ पाटीदार से कचरा फेंकने को लेकर विवाद हुआ था, लाठी-डंडे से सिर पर मारा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा** । भोजपुर में दंपति समेत एक ही परिवार के छह लोगों की पिटाई कर दी गई। कचरा फेंकने को लेकर विवाद हुआ था। घायलों में नवादा बेन निवासी राजू कुमार शर्मा(43), उनकी पत्नी नीलम देवी(40), बेटा ऋतु राज(16), रितेश कुमार(14), भाई राजेश कुमार शर्मा(38) और चाचा हरेंद्र शर्मा(60) शामिल है। घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र की है। राजू कुमार शर्मा ने बताया कि उनके घर के बाहर एक कुआं है। जिसमें गांव के सभी लोग कचरा फेंकते थे। कचरा फेंकने से कुआं भर चुका है। पाटीदार वहीं पर अपना गाय बांधने लगे। रविवार को पादीदार राख फेंककर जा रहे थे। इस पर मैंने कहा कि उड़कर घर में चला जाएगा, यहां क्यों फेंका। इसी बाच को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद अपने परिवार के साथ मिलकर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर पत्नी, बच्चों और भाई को भी मारा।

**छानबीन में जुटी पुलिस** : सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि मारपीट में कई लोगों को सिर, सीने और शरीर के अंदरूनी जगह पर चोटें आई हैं। इमरजेंसी वार्ड प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। जबकि मारपीट के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना से की है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# अहिरौली मठ में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** | पुरुषोत्तम मास के पवित्र वातावरण में बक्सर जिले के प्रतिष्ठित प्राचीनतम अहिरौली मठ वरदराज आश्रम में वर्तमान अहिरौली मठ के मठाधीश श्रीमधुसूदनाचार्य जी के पावन सानिध्य में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन रविवार को हुआ। प्रातःकाल 7 बजे से श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का दिव्य आयोजन आचार्य नारायण उपाध्याय जी के आचार्यत्व में काशी के अनेक विद्वानों के द्वारा सम्पादित किया गया। 3 बजे से श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा काशी के प्रसिद्ध भागवत मर्मज्ञ श्री आशुतोष महाराज के द्वारा तथा 6 बजे सायंकाल से अयोध्या से पधारे श्रीनरहरिदास महाराज के मुखारविन्द से श्रीराम कथा का दिव्य रसपान कराया गया। अहिरौली मठ के महन्त महाराज श्री मधुसूदनाचार्य जी के अध्यक्षता में 31 मई विशाल विद्वत्सभा एवं सन्त सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें काशी के अनेक विद्वान डॉ संजय कुमार चौबे, डॉ अम्बरीश कुमार मिश्र, डॉ शेषमणि शुक्ल, डॉ जितेन्द्र तिवारी, राकेश रंजन उपाध्याय, मनीष पाण्डेय, मनीष मिश्र आदि मौजूद रहे।

## फंदे से लटकी मिली युवक की लाश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा** । भोजपुर में संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई। फंदे से लटका हुआ शव मिला है। डिप्रेशन और घरेलू विवाद में खुदकुशी की बात सामने आ रही है। मृतक की पहचान अनिल कुमार सिंह उर्फ भूलचूल(32) के तौर पर हुई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के मझौवां गांव की है। मृतक के बड़े भाई अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि तीन दिनों से उसकी पत्नी और सास के बीच र झगड़ा हो रहा था। शनिवार की रात भी उनके बीच झगड़ा हुआ था। उस समय मामला शांत हो गया था। मैं मां के लिए दवा लेने गया था। उसने मुझे फोन करके कहा कि जब तुम घर आओगे तो हमसे भेंट नहीं होगा। इस पर मौने कहा कि ऐसा क्यों बोल रहे हो। फिर मैं तुरंत वापस घर लौटा, मां से पूछा को अनिल कहां है। तभी मेरे बेटे ने कमरे का दरवाजा खोल कर देखा और बोला कि चाचा पंखे से लटके हुए हैं। जिसके बाद परिजनों उसे पंखे से नीचे उतरा। सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया।

**घर में मचा कोहराम** : अरविंद कुमार ने डिप्रेशन में आकर खुदकुशी करने का आरोप लगाया है। मृतक अनिल कुमार सिंह उर्फ भुलचूल हत्या के मामले में आरोपी रह चुका था। पहले जेल भी जा चुका था। दो भाइयों सबसे छोटा था। परिवार में पत्नी संजू देवी और एक बेटी है। पत्नी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ईटाढ़ी और चौसा के रेलवे क्रॉसिंग किये गये बंद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर** । जिले के लोगों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित इटाढ़ी और चौसा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) अब पूरी तरह तैयार होने के बाद दोनों रेलवे फाटक बंद कर दिए गए हैं। वर्षों से लोगों की आवाजाही और इंतजार के गवाह रहे ये रेलवे क्रॉसिंग अब इतिहास का हिस्सा बन गए हैं। फाटकों पर घेराबंदी का कार्य भी पूरा कर लिया गया है, जिसके बाद यहां से सीधे आवागमन पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में जिले के लोगों के लिए यह एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। रेलवे सुरक्षा मानकों के अनुसार किसी भी स्थान पर आरओबी निर्माण का मुख्य उद्देश्य सड़क और रेल यातायात के बीच सीधे संपर्क को समाप्त करना होता है। पुल चालू होने के बाद लेवल क्रॉसिंग को जारी रखना सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं माना जाता है। इसी के तहत दोनों रेलवे फाटकों को स्थायी रूप से बंद किया गया है। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उनका कहना है कि आरओबी शुरू होने के बाद लोगों को सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना में भी कमी आएगी। फाटकों पर लगता था लंबा जाम वर्षों से इटाढ़ी और चौसा रेलवे फाटक पर लोगों को जाम और लंबी प्रतीक्षा की समस्या झेलनी पड़ती थी। ट्रेन गुजरने के दौरान फाटक बंद होते ही वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं। कई बार छोटे-बड़े वाहन घंटों जाम में फंसे रहते थे। इतना ही नहीं, कई अवसरों पर एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं से जुड़े वाहन भी प्रभावित होते थे। अब आरओबी चालू होने के बाद वाहन चालकों को बिना रुके आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे जिले की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होने की उम्मीद है। स्थानीय लोग एक तरफ नई सुविधा मिलने से खुश हैं, वहीं वर्षों पुराने इन रेलवे फाटकों से जुड़ी यादें भी उनके मन में ताजा हो रही हैं।जदयू नेता संजय सिंह राजनेता ने कहा कि इटाढ़ी रेलवे फाटक के बंद होने के बाद अब रेलवे को वैकल्पिक व्यवस्था भी करनी चाहिए ताकि ग्रामीण इलाके में आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# महाराणा प्रताप का जीवन मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण का उदाहरण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर** । वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर भव्य उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। समारोह का उद्घाटन बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर एवं खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयशी सिंह उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजपुर विधायक संतोष निराला, सदर विधायक आनंद मिश्रा तथा डुमरांव विधायक राहुल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष तेजप्रताप सिंह एवं संचालन डॉ आशुतोष सिंह ने किया। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्शों को हम अपना कर देश में बढ़ रही विसंगतियों को दूर कर सकते हैं और एक समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। उनके संघर्ष में उस समय के जनजाति समुदाय, वैश्य समुदाय का अहम योगदान रहा। जन-जन तक पहुंचाना होगा उनका बलिदान सदर विधायक आनन्द मिश्रा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से जनमानस में एक सकारात्मक संदेश जाता है। हम अपने महापुरुषों को याद करते हैं उन्हें नमन करते हैं। राजपुर विधायक संतोष निराला ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक जाति या समूह के लिए नहीं लड़े, वे पूरे समाज और राष्ट्र के लिए लड़े थे । उनका बलिदान हम सभी के लिए आदर्श और प्रेरणा है। डुमरांव विधायक राहुल सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों उनके बलिदान को जन जन तक पहुंचाने का समय आ गया है, अगर यह कार्य नहीं किया गया तो राष्ट्र जाती और क्षेत्रवाद में बटकर टूट जाएगा। समाज में सभी समूहों का सामान योगदान है। मै चाहता हूं कि महाराणा प्रताप के नाम पर सभी जिलों में एक स्मारक का निर्माण किया जाए। कार्यकम को रिंकू सिंह, अमरेंद्र राजेश, रामनाथ ठाकुर, बिंदेश्वरी पांडेय, बलवंत सिंह, शिवांग विजय सिंह, सैनिक संघ अध्यक्ष रामनाथ सिंह, कौशल विद्यार्थी, बलिराम सिंह, प्रदीप दुबे ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन महाराणा प्रताप फाउंडेशन के संयोजक पुनीत सिंह ने किया।

## ट्रेन में शराब ढोने व उत्पाद विभाग की टीम से हाथापाई मामले में 4 गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । डुमरांव और कुशलपुर हरनाहा हॉल्ट के बीच चलती ट्रेन में चेन पुलिंग कर शराब तस्करों के फरार होने और मद्य निषेध टीम के साथ हाथापाई की घटना को रेल पुलिस ने गंभीर चुनौती के रूप में लेते हुए बड़ा एक्शन लिया है। इस मामले में महिला तस्कर समेत चार आरोपियों की गिरफ्तारी कर एक संगठित तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया है। जांच के क्रम में पुलिस ने सबसे पहले महिला तस्कर खुशबू उर्फ जहाना खातून (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया। वह वैशाली जिले की रहने वाली है और वर्तमान में पटना के अनीसाबाद इलाके में किराए के मकान में रहती थी। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह पिछले कई महीनों से यूपी से शराब लाती थी और अपने बैकवर्ड लिंकेज (आगे के तस्करों) को सप्लाई करती थी। पुलिस ने इस मामले में आगे कार्रवाई करते हुए जहाना के नेटवर्क से जुड़े तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। इनमें जहानाबाद के मखदुमपुर डीह निवासी अंकित कुमार, सारण जिले के वीरेंद्र कुमार राय उर्फ लालू (47 वर्ष) और नालंदा के रंजन शर्मा (50 वर्ष) शामिल हैं। जांच में सामने आया कि जहाना उर्फ खुशबू खातून ही शराब की खेप लाकर अंकित को देती थी, जो आगे छोटे तस्करों को सप्लाई करता था। अंकित और जहाना पटना में एक ही किराए के मकान में साथ रहते थे। दोनों की गिरफ्तारी पुनपुन फोरलेन के पास से गिरफ्तार किया गया है। अंकित से ही वीरेंद्र और रंजन शराब खरीदते थे। गिरफ्तार आरोपियों में वीरेंद्र कुमार राय और रंजन शर्मा पर पहले से उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज हैं। ये लोग पहले से ही तस्करी के धंधे में सक्रिय थे। उत्पाद विभाग की टीम के साथ हुई थी बदसलूकी रेल डीएसपी ने बताया कि 27 मई को बक्सर की मद्य निषेध टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक महिला तस्कर यूपी से शराब लेकर पटना की ओर ट्रेन से जा रही है। सूचना के आधार पर टीम बक्सर से लोकमान्य तिलक-भागलपुर एक्सप्रेस (12336 डाउन) में सवार हुई और संदिग्धों की पहचान शुरू की। इसी दौरान एक महिला समेत कई तस्करों को चिन्हित कर लिया गया। जैसे ही ट्रेन डुमरांव और कुशलपुर-हरनाहा हॉल्ट के बीच पहुंची, तस्करों को शक हो गया। इसके बाद उन्होंने अचानक चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी। ट्रेन रुकते ही सभी आरोपी नीचे उतरकर भागने लगे। मद्य निषेध टीम ने पीछा किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज भी हुई, जिससे अफरा-तफरी मच गई और आरोपी फरार हो गए। चेन पुलिंग करने वालों की तलाश जारी रेल डीएसपी कंचन राज ने कहा कि चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकने और पुलिस से हाथापाई करने वालों की पहचान कर ली गई है। इस पूरे मामले में 5 एंड्रॉयड मोबाइल, 1 कीपैड मोबाइल, दो मोटरसाइकिल और 3.270 लीटर अंग्रेजी शराब भी बरामद हुई है। एसआईटी टीम में रेल डीएसपी के अलावे रेल अंचल निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, बक्सर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी कुंदन कुमार, जीआरपी थानाध्यक्ष मणिचंद्र पांडेय, रेल थानाध्यक्ष पाटलिपुत्र संतोष कुमार, डीआईयू के शाखा प्रभारी पंकज कुमार, डीआईयू पीटीसी राकेश कुमार, चंदन कुमार, पंकज कुमार, रेल थाना बक्सर के सिपाही कुंदन कुमार, सिपाही मनीष कुमार, महिला सिपाही प्रेम प्रकाश, रेल थाना पाटलिपुत्र के कन्हैया कुमार सहित तमाम रेल पुलिस बल शामिल रहा।

# शिविर में 20 लोगों ने किया रक्तदान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर** । समाजसेवा और मानवता के प्रति समर्पण की एक प्रेरणादायक तस्वीर रविवार को शहर के सिविल लाइन स्थित रोटरी भवन में देखने को मिली, जहां रोटरी क्लब बक्सर की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सेवा भावना से ओतप्रोत इस आयोजन में करीब 20 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जिससे जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन की उम्मीदें मजबूत हुईं। शिविर के दौरान रक्तदाताओं में उत्साह देखने को मिला। लोगों ने रक्तदान को महादान बताते हुए दूसरों को भी इस पुनीत कार्य से जुड़ने का संदेश दिया। रक्तदान करने वालों में डॉ. दिलशाद आलम, मनीष पांडेय, एस.एम. साहिल, मनोज वर्मा, मंजेश केसरी, अनिल जायसवाल, परशुराम जी, गोपाल केसरी, रियासत अली, विजय मनसिंघका, राहुल कुमार, सोनू वर्मा, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह तथा राजा बाबू सहित लगभग 20 लोगों ने भाग लिया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को उनके योगदान के लिए प्रमाण-पत्र और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर रक्तवीरों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीडीजी डॉ. सी.एम. सिंह मौजूद रहे। वहीं अध्यक्ष डॉ. दिलशाद आलम, सचिव एस.एम. साहिल, प्रोजेक्ट चेयर दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, अध्यक्ष निर्वाचित निर्मल कुमार सिंह, सचिव निर्वाचित मनोज, रोहतास गोयल, कृष्णानंद सिंह, प्रदीप जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष मनीष पांडेय, राजेश केसरी, विवेक केसरी, प्रिंस जायसवाल, कुमार सागर सहित कई रोटेरियन और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रक्त संग्रहण का कार्य रेड क्रॉस बक्सर की प्रशिक्षित टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस दौरान मुखेश जी एवं अन्य तकनीकी सदस्यों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में महिला थाना प्रभारी निलंबित, कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर एसपी ने की कार्रवाई

**हाजीपुर।** वैशाली में महिला थाना अध्यक्ष अदिति कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। उन पर न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप है, जिसके बाद वैशाली एसपी ने यह कार्रवाई की है। यह मामला लालगंज थाना क्षेत्र से एक बालिग युवती के अपहरण से जुड़ा है। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया था। न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज होने के बाद, कोर्ट ने युवती को उसके पति को सौंपने का आदेश दिया था। हालांकि, महिला थाना अध्यक्ष अदिति कुमारी और लालगंज थाना के अनुसंधानकर्ता ने युवती को उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया। न्यायालय को इसकी जानकारी मिलने पर, वैशाली एसपी ने साइबर थाना अध्यक्ष सह डीएसपी चांदनी सुमन को पूरे मामले की जांच का आदेश दिया। डीएसपी की जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद वैशाली एसपी ने थाना अध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। परिणामस्वरूप, वैशाली एसपी ने थाना अध्यक्ष को निलंबित कर पुलिस लाइन भेज दिया है। वैशाली एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि अपहृत युवती को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार उसके पति को सुपुर्द किया जाना था। लेकिन महिला थानाध्यक्ष अदिति कुमारी ने विधिसम्मत प्रक्रिया और युवती की इच्छा का समुचित परीक्षण किए बिना उसे माता-पिता को सौंप दिया था। डीएसपी साइबर द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन के आलोक में प्रथम दृष्टया थाना अध्यक्ष की भूमिका में विभागीय स्तर पर त्रुटियां पाई गई हैं।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत, महुआ-ताजपुर सड़क पर 70 वर्षीय सरस्वती देवी ने मौके पर दम तोड़ा

**हाजीपुर।** वैशाली में महुआ-ताजपुर सड़क पर सिंघाड़ा फतुहा पुल के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 70 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और उन्होंने सड़क जाम कर दिया। इसकी सूचना महुआ थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शुरुआत में मृतका की पहचान नहीं हो पाई थी। बाद में उसकी पहचान महुआ थाना क्षेत्र के सुपौल टरिया पंचायत स्थित गोपालपुर गांव निवासी स्वर्गीय प्रगाश राय की 70 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी के रूप में हुई। परिजनों ने शव की पहचान की। सरस्वती देवी अपनी पोती को स्कूल से लाने के लिए जा रही थीं, तभी फतुहा पुल के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कागजी कार्रवाई पूरी की। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन महुआ थाना पहुंचे और एम्बुलेंस में रखे शव की पहचान की।

### चलती ट्रेन में मोबाइल झपटने वाला गिरफ्तार, 22 हजार का फोन मिला, यात्री ने की पहचान

**हाजीपुर।** हाजीपुर रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रेन से मोबाइल झपटने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 22 हजार रुपये का चोरी किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। निरीक्षक प्रभारी साकेत कुमार के नेतृत्व में RPF टीम ने हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर आरओबी के पास गुप्त निगरानी के दौरान रात 8:30 बजे एक संदिग्ध युवक को झाड़ियों में छिपा देखा। पुलिस दल को देखकर वह भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राहुल कुमार (18 वर्ष), निवासी दिघीकला पूर्वी, वार्ड-24, थाना सदर हाजीपुर बताया। उसने स्वीकार किया कि उसने चलती ट्रेन में एक यात्री का मोबाइल झपट्टा मारकर चुराया था और अन्य ट्रेनों में भी चोरी की नीयत से छिपा हुआ था। इसी दौरान पीड़ित यात्री चितरंजन कुमार, निवासी समस्तीपुर, ने आरोपी की पहचान की। तलाशी के दौरान राहुल के कब्जे से एक पुराना नीले रंग का ओप्पो मोबाइल बरामद हुआ। राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी, बरामद मोबाइल और संबंधित कागजात पीड़ित की लिखित शिकायत के साथ राजकीय रेल थाना हाजीपुर को सौंप दिए गए, जहां उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि 29 मई की शाम हाजीपुर स्टेशन से आगे गांधी चौक के पास एक अन्य घटना में, एक युवक चलती ट्रेन के गेट पर खड़ा था तभी एक बदमाश ने उसका मोबाइल झपट लिया। इस दौरान युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल यात्री की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत अहियापुर थाना क्षेत्र निवासी राजीव कुमार के रूप में हुई थी। इस घटना के बाद रेल पुलिस ने मोबाइल चोरों के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई की है।

### रेलवे कर्मचारी की करंट लगने से मौत, वैशाली में घर पर इनवर्टर ठीक करते समय लगा झटका

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के नारायणपुर बुजुर्ग पंचायत के नारायणपुर मुसहरी टोला वार्ड नंबर आठ में एक रेलवे कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। 34 वर्षीय अश्विनी कुमार अपने घर में इनवर्टर का तार ठीक कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। रविवार को छुट्टी होने के कारण अश्विनी घर आए हुए थे। मृतक अश्विनी कुमार लगभग आठ साल पहले रेलवे ग्रुप डी में भर्ती हुए थे। उन्हें इसी साल पदोन्नति मिली थी और उनकी नई पोस्टिंग बरौनी जंक्शन पर हुई थी। अश्विनी कुमार दो भाई और एक बहन थे। उनका छोटा भाई निरंजन कुमार चेहराकला प्रखंड में नाजीर के पद पर कार्यरत है, जबकि बहन की शादी हो चुकी है। अश्विनी की शादी 10 साल पहले हुई थी और उनके दो बेटे हैं। उनके पिता हरेंद्र ठाकुर बेलकुंडा चौक पर इलेक्ट्रॉनिक सामान के मैकेनिक हैं। घटना की सूचना मिलते ही महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। स्थानीय लोगों ने अश्विनी और उनके भाई को मिलनसार और मेधावी बताया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि अमरेश कुमार सिंह, समाजसेवी देवनाथ प्रसाद सिंह, सुनील कुमार और राज नारायण सिंह सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। परिजनों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक शव घर नहीं पहुंचा था। पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाया जाएगा और अंतिम संस्कार के लिए हाजीपुर के कौनहारा घाट ले जाया जाएगा। इस दुखद घटना से मृतक की पत्नी, बच्चे और मां सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 13 साल में पैसा 10 गुना करने का झांसा

**पटना।** फुलवारीशरीफ के पकौली गांव की एक महिला से 13 वर्ष 5 महीने में पैसा 10 गुना करने का झांसा देकर 4 लाख 75 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िता सोनम कुमारी ने अपनी मौसी, मौसा और उनके एक सहयोगी के खिलाफ फुलवारी शरीफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनम कुमारी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2009 में उनके ससुर स्वर्गीय दयानंद सिंह का निधन हो गया था, जो भवन निर्माण विभाग में माली के पद पर कार्यरत थे। ससुर की मृत्यु के बाद उन्हें पीएफ का पैसा मिला था। इसी दौरान, सोनम की मौसी मधुमिता वर्मा, मौसा दिलीप कुमार वर्मा और उनके सहयोगी सच्चिदानंद सिंह उनके घर पहुंचे। उन्होंने सोनम को एक कंपनी में पैसा निवेश करने का झांसा दिया और बताया कि 13 साल 5 महीने में उनका पैसा 10 गुना हो जाएगा। आरोपियों ने सोनम कुमारी से दो किस्तों में कुल 4 लाख 75 हजार रुपये जमा करा लिए। इसमें 3 लाख रुपये और 1 लाख 75 हजार रुपये शामिल थे। यह राशि 14 अक्टूबर 2012 को जमा कराई गई थी। पैसा जमा कराने के बाद आरोपियों ने सोनम को एक सर्टिफिकेट दिया और गारंटी के तौर पर स्टांप पेपर पर भी लिखकर दिया था। हालांकि, जब मैच्योरिटी पूरी होने पर सोनम ने अपने पैसे की मांग की, तो आरोपियों ने पैसा देने से इनकार कर दिया और कंपनी बंद होने की बात कही। इसके बाद सोनम कुमारी ने अपने मौसा दिलीप कुमार वर्मा, मौसी मधुमिता वर्मा (जो जानीपुर थाना क्षेत्र के गाजाचक निवासी हैं) और सहयोगी सच्चिदानंद सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर पाल समाज का महासम्मेलन, सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**पटना ।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर पाल समाज द्वारा एक भव्य समारोह एवं महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाज के उत्थान, राजनीतिक भागीदारी, शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरसंड (सीतामढ़ी) के विधायक डॉ. नागेंद्र राउत पाल तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. रामबली सिंह चंद्रवंशी रहे। समारोह में बिहार गड़रिया मोर्चा (बीजीएम) के पदाधिकारी एवं विभिन्न जिलों से आए समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की एक महान शासिका थीं, जिन्होंने अपने शासनकाल में जनकल्याण, महिला सुरक्षा, धार्मिक स्थलों के विकास, उद्योगों के विस्तार तथा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि पाल समाज की आबादी बड़ी होने के बावजूद उसकी राजनीतिक भागीदारी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। समाज को संगठित होकर शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इस दौरान पाल समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग भी उठाई गई। समाज के लोगों ने कहा कि इससे समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बिहार गड़रिया मोर्चा के नेतृत्व में हाल ही में पटना में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए समाज हमेशा आगे रहेगा। विधायक डॉ. नागेंद्र राउत पाल ने समाज की समस्याओं को विधानसभा एवं सरकार के समक्ष मजबूती से उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने समाज के युवाओं से शिक्षा और संगठन की शक्ति को अपनाने का आह्वान किया। वहीं पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. रामबली सिंह चंद्रवंशी ने समाज की एकजुटता को समय की आवश्यकता बताते हुए सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। समारोह के अंत में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा सभी उपस्थित लोगों को जयंती की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित पदाधिकारीः

अध्यक्ष – अजीत पाल
उपाध्यक्ष – राजेश पाल
कोषाध्यक्ष – सुजीत पाल (गुड्डू)
सचिव – रमेश पाल
उप सचिव – धनंजय कुमार
मीडिया प्रभारी – पंकज बघेल

कार्यक्रम का समापन समाज की एकता, संगठन और विकास के संकल्प के साथ हुआ।

## आम जन की कथा को पूरी संवेदनशीलता से व्यक्त करती हैं ऋचा वर्मा की लघुकथाएँ : सिद्धेश्वर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना ।** भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वावधान में आयोजित हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन में संयोजक सिद्धेश्वर ने कहा कि लघुकथा केवल आकार में छोटी होने से श्रेष्ठ नहीं बन जाती, बल्कि उसकी कथावस्तु, शिल्प और प्रभावी प्रस्तुति ही उसकी वास्तविक पहचान होती है। उन्होंने कहा कि आज अनेक रचनाकार लघुकथा विधा में सक्रिय होकर सीखने-सिखाने का कार्य कर रहे हैं तथा इस विधा को गाँवों और कस्बों तक पहुँचाने की आवश्यकता है।

फेसबुक पेज अवसर साहित्यधर्मी पत्रिका एवं यूट्यूब पर गूगल मीट के माध्यम से आयोजित इस सम्मेलन का संचालन स्वयं सिद्धेश्वर ने किया। प्रथम सत्र में वरिष्ठ लेखिका ऋचा वर्मा द्वारा प्रस्तुत लघुकथाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी रचनाएँ आम जन के जीवन, संघर्ष और संवेदनाओं को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करती हैं।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में ऋचा वर्मा ने कहा कि लघुकथा आज की सर्वाधिक लोकप्रिय साहित्यिक विधाओं में से एक है। इसकी संक्षिप्तता और प्रभावशीलता पाठकों को आकर्षित करती है। उन्होंने कहा कि लघुकथा में कम शब्दों में सार्थक और स्पष्ट अभिव्यक्ति आवश्यक है तथा लेखक को समाज की सच्चाइयों को निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत करना चाहिए।

सम्मेलन में सुरेंद्र अरोड़ा, रशीद गौरी, ऋचा वर्मा, अपूर्व कुमार, राज प्रिया रानी, सिद्धेश्वर एवं नंदकुमार आदित्य सहित दुर्गेश मोहन, लखन महतो, एकलव्य केसरी, कुमारी अनामिका, बीना गुप्ता, संतोष प्रिया, सुनील कुमार पाठक और लक्ष्मण माधव की उपस्थिति रही। अंत में राज प्रिया रानी ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित साहित्यप्रेमियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**हाजीपुर।** सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के ओपीडी परिसर में सोमवार को भारत सरकार के 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चौथे जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. मनीषा ने महिला जननांग टीबी (Female Genital TB) विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बीमारी के लक्षणों, समय पर पहचान, जांच और उपचार के महत्व को सरल एवं प्रभावी तरीके से उपस्थित लोगों के बीच रखा।

इसके बाद स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या किरण ने अपने संबोधन में महिला जननांग टीबी से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं और उनके समाधान पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा ने कहा कि टीबी की समय पर पहचान, सही जांच और नियमित उपचार से इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में टीबी रोगियों के लिए उपलब्ध जांच एवं उपचार सुविधाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वीटी ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों से टीबी के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में भी जागरूकता फैलाने की अपील की गई। कार्यक्रम में 250 से अधिक मरीजों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और टीबी से बचाव, पहचान एवं उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

## कार्यस्थल पर हुई दुर्घटना में मृत बीमित कर्मी के आश्रितों को मिलेगा 12,474 रुपये मासिक पेंशन

### 10 लाख से अधिक बकाया राशि का भुगतान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) बिहार क्षेत्र द्वारा एक सादे समारोह में बिहार को-ऑपरेटिव वीवर्स के अंतर्गत एनटीपीसी में पंजीकृत बीमित कर्मचारी स्वर्गीय रुमेश प्रसाद सिंह की आश्रिता पत्नी श्रीमती देवी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के तहत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर ईएसआईसी बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए. निरंजन कुमार ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सहायता राशि प्रदान की।

जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय रुमेश प्रसाद सिंह मोकामा में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु 18 जुलाई 2019 को कार्य के दौरान हुई रोजगारजनित दुर्घटना के कारण हो गई थी। वे परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे और पूरा परिवार उन पर आर्थिक रूप से निर्भर था।

दुर्घटना के बाद नियोजक द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच की गई, जिसके उपरांत ईएसआईसी ने आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत की। स्वीकृत पेंशन के तहत आश्रित परिवार को 415.80 रुपये प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह 12,474 रुपये की राशि मिलेगी। इसके अलावा दुर्घटना की तिथि से अब तक की लगभग 10,10,394 रुपये की बकाया राशि भी उनके खाते में अंतरित की जा रही है।

ईएसआईसी अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत कार्यस्थल पर अथवा कार्यस्थल और निवास के बीच आवागमन के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोजगार चोट माना जाता है। ऐसे मामलों में यदि बीमित कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके आश्रित परिवारजनों को ईएसआई योजना के तहत वेतन का 90 प्रतिशत तक मासिक आश्रित पेंशन प्रदान करने का प्रावधान है। समारोह में ईएसआईसी के सहायक निदेशक (पूर्वी क्षेत्र) अभिषेक कुमार भी उपस्थित रहे।

## ईंधन की खपत कम करने एवं ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए निकाली गयी "ईंधन बचाओ जन-जागरण यात्रा"

### ईंधन संरक्षण हर नागरिक का है कर्तव्य : संजीव चौरसिया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन की खपत कम करने और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने की अपील के सम्मान में पटना में "ईंधन बचाओ जन-जागरण यात्रा" का आयोजन किया गया। यह यात्रा सामाजिक संस्था मृदुराज फाउंडेशन के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी पटना में संस्था के संस्थापक एवं भाजपा नेता राजीव रंजन के आह्वान पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था से जुड़े सैकड़ों सदस्यों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने साइकिल यात्रा में भाग लेकर लोगों को ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दीघा विधायक एवं सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि ईंधन संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। वहीं बिहार शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष इरशाद अली आजाद ने कहा कि ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की जरूरत है। उन्होंने मृदुराज फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की और इसे समाजहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

मृदुराज फाउंडेशन के संस्थापक राजीव रंजन ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्य करना नहीं, बल्कि लोगों को उन मुद्दों के प्रति जागरूक करना भी है, जिनका सीधा संबंध देश और समाज के भविष्य से है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में ईंधन की बचत को अपनाए, तो इसका सकारात्मक प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों पर पड़ेगा।

साइकिल जुलूस की शुरुआत पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर परिसर से हुई, जो जीपीओ गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहा तक पहुंचा। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने लोगों से निजी वाहनों का अनावश्यक उपयोग कम करने, छोटी दूरी के लिए साइकिल अथवा पैदल चलने तथा पेट्रोल-डीजल की खपत को कम करने की अपील की। आयोजकों ने कहा कि बढ़ती ईंधन खपत न केवल आर्थिक बोझ बढ़ा रही है, बल्कि पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। ऐसे में जनभागीदारी के माध्यम से जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में संस्था के समन्वयक एवं संयोजक मो. शकील सहित अरुण तिवारी, पप्पू कुमार, शशि भूषण कुमार, मो. गुड्डू, अविनाश राजा, सरस्वती कुमारी, पिंटू कुमार, मनीष कुमार, अमर चौरसिया, दिलीप साव, श्रवण कुमार, मो. जावेद मल्लिक, रीना कुमारी, चंदन गुप्ता, शैलेश ठाकुर, आफताब मल्लिक, मो. महताब, मो. पिंकू आलम, मो. जनी, मुमताज अली, असलाम खान समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व दुग्ध दिवस पर दुग्ध उत्पादकों, महिला किसानों एवं डेयरी कर्मियों को सम्मान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर सोमवार को बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ लिमिटेड (कॉम्फेड) के सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव-सह-अध्यक्ष कॉम्फेड शीर्षत कपिल अशोक तथा कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक समीर सौरभ की उपस्थिति में राज्य के सभी दुग्ध उत्पादक किसानों, दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों, महिला दुग्ध उत्पादकों, डेयरी कर्मियों एवं उपभोक्ताओं को शुभकामनाएं और बधाई दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि विश्व दुग्ध दिवस प्रत्येक वर्ष 1 जून को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2001 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा दूध एवं डेयरी क्षेत्र के पोषण, आजीविका और आर्थिक विकास में योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी।

कार्यक्रम में कहा गया कि बिहार में दुग्ध सहकारिता आंदोलन ने लाखों ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कॉम्फेड के माध्यम से राज्य के लाखों दुग्ध उत्पादक किसान प्रतिदिन दूध का विपणन कर अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। दुग्ध सहकारी समितियों के विस्तार, आधुनिक दुग्ध संग्रहण व्यवस्था, पशु स्वास्थ्य सेवाओं, कृत्रिम गर्भाधान, संतुलित पशु आहार तथा तकनीकी सहायता के कारण दुग्ध उत्पादन और उत्पादकता में लगातार वृद्धि हो रही है।

विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर विभिन्न दुग्ध उत्पादक समितियों की सचिव कंचन कुमारी, अंजली कुमारी एवं पूजा कुमारी, दुग्ध विक्रेता मीणा पाण्डेय, चंद्रावती देवी एवं पुष्पा देवी, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता पंकज कुमार, राकेश कुमार एवं कुमारी मधु रानी तथा क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि दुग्ध व्यवसाय केवल पोषण सुरक्षा का आधार नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम भी है। वक्ताओं ने कहा कि डेयरी क्षेत्र ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक समीर सौरभ ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य के दुग्ध उत्पादक किसानों की मेहनत और समर्पण के कारण बिहार का दुग्ध क्षेत्र निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था किसानों को बेहतर मूल्य, आधुनिक सुविधाएं और व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने किसानों से गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ दूध उत्पादन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। वहीं, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव-सह-अध्यक्ष कॉम्फेड शीर्षत कपिल अशोक ने विश्व दुग्ध दिवस 2026 के अवसर पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा राज्य में दुग्ध सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कॉम्फेड निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा और डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# रांची में देर रात चला सघन वाहन जांच अभियान, नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती

एजेंसी। रांची



राजधानी रांची में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के उद्देश्य से रविवार देर रात पुलिस ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। यह अभियान वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर आयोजित किया गया। अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों तथा एंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर व्यापक स्तर पर वाहनों की जांच की गई। इस विशेष अभियान में नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी), यातायात पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक एसपी), ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी रुरल) समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरकर निगरानी करते नजर आए। अधिकारियों ने विभिन्न जांच स्थलों का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी से अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजातों की जांच की। वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र, बीमा दस्तावेज और अन्य आवश्यक कागजात की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे पाए गए या यातायात नियमों का उल्लंघन करते मिले, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। रात्रि जांच अभियान के दौरान पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की। इसके लिए ब्रेथ एनालाइजर मशीन की मदद से वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान कई चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए, जिनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। कुछ मामलों में वाहनों को भी जब्त किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल चालक के लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। इसलिए ऐसे मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में देर रात हुड़दंग मचाने, तेज रफ्तार में वाहन चलाने, स्टंटबाजी करने और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से युवाओं द्वारा सार्वजनिक सड़कों पर खतरनाक स्टंट करने की घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करती हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ वाहन जब्ती की कार्रवाई भी की जा सकती है। रांची पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष जांच अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, वैध दस्तावेज साथ रखने और जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने की अपील की है। पुलिस का मानना है कि नियमित जांच अभियानों से अपराध नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी, जिससे दुर्घटनाओं और अवांछित घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी।

# झारखंड उत्पाद सिपाही परीक्षा पेपर लीक मामले में छह आरोपितों की जमानत याचिका खारिज

एजेंसी। रांची




झारखंड उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में जेल में बंद छह आरोपितों को सोमवार को अदालत से राहत नहीं मिली। रांची की अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद सभी आरोपितों की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों, केस डायरी और आरोपितों के आपराधिक इतिहास का अवलोकन करने के बाद जमानत देने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान आरोपितों की ओर से अदालत में दलील दी गई कि मामले में कथित धन लेन-देन को लेकर कोई ठोस और प्रत्यक्ष साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। बचाव पक्ष ने अपने पक्ष को मजबूत करने के लिए उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के विभिन्न फैसलों का भी हवाला दिया। हालांकि, अदालत ने जांच एजेंसी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जमानत याचिकाओं को अस्वीकार कर दिया। मामले में जमानत याचिका दाखिल करने वालों में आशीष कुमार, विकास कुमार, योगेश प्रसाद, रंजीत कुमार उर्फ चुनचुन, गुलाब चंद महतो और बुलबुल पांडे उर्फ राज शामिल हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, इनमें से तीन आरोपित पेपर सॉल्वर गिरोह के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे थे और अभ्यर्थियों तथा गिरोह के बीच संपर्क स्थापित करने की भूमिका निभा रहे थे। दरअसल, 11 अप्रैल की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि रांची जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र स्थित रड़गांव में एक अर्धनिर्मित भवन में बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है। सूचना के आधार पर गठित विशेष छापेमारी दल ने देर रात वहां दबिश दी। पुलिस टीम के पहुंचते ही मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग भागने का प्रयास करने लगे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 155 लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपितों में कथित अंतरराज्यीय पेपर लीक और पेपर सॉल्वर गिरोह के सरगना बताए जा रहे पांच प्रमुख आरोपित अतुल वत्स, विकास कुमार, शेर सिंह, आशीष कुमार और योगेश प्रसाद भी शामिल थे। इसके अलावा सात महिला आरोपितों को भी हिरासत में लिया गया था। पुलिस के अनुसार, अभ्यर्थियों से परीक्षा में सफलता दिलाने के नाम पर प्रति उम्मीदवार 10-10 लाख रुपये तक की मांग की गई थी। कुछ अभ्यर्थियों ने भुगतान के लिए गिरोह के सदस्यों के नाम बैंक चेक भी जारी किए थे। मामले को लेकर तमाड़ थाना में कांड संख्या 21/2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इसके बाद से जांच लगातार जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर आगे और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली बहाली की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिले के खुंटपानी प्रखंड के पुरुनियाँ गांव में आंधी-तूफान के बाद उत्पन्न बिजली संकट गहराता जा रहा है। पिछले करीब सात दिनों से गांव में बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। लंबे समय से बिजली नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण सोमवार को सड़क पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन कर शीघ्र बिजली बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली नहीं रहने से सबसे अधिक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। रात के समय अंधेरे के कारण विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा शाम ढलते ही गांव में सांप, बिच्छू और अन्य विषैले जीवों का खतरा बढ़ जाता है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सिद्धार्थ होनहागा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली जैसी बुनियादी सुविधा का बाधित रहना चिंताजनक है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाकर क्षतिग्रस्त विद्युत व्यवस्था की मरम्मत करने और जल्द बिजली आपूर्ति शुरू करने का निर्देश दिया है। इधर, ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो उन्हें और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। गांववासियों को उम्मीद है कि विभाग क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर जल्द ही बिजली आपूर्ति सामान्य करेगा, जिससे लोगों को राहत मिल सकेगी।

### राज्यसभा चुनाव पर अंतिम फैसला करेगा केंद्रीय नेतृत्व : बाबूलाल



**पूर्वी सिंहभूम।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उम्मीदवार चयन और चुनावी रणनीति से संबंधित पूरी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी गई है। अब अंतिम निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व ही करेगा। जमशेदपुर दौरे के दौरान परिसदन में मीडिया से बातचीत में बाबूलाल ने कहा कि प्रदेश इकाई ने सभी पहलुओं पर विचार कर अपनी रिपोर्ट तैयार की है और उसे दिल्ली भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तरह संगठित है और केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश के अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी। मरांडी के इस बयान के बाद राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा की ओर से उम्मीदवार कौन होगा और चुनाव में पार्टी की रणनीति क्या रहेगी, इस पर अब सबकी नजर केंद्रीय नेतृत्व के फैसले पर टिकी हुई है। इससे पूर्व जमशेदपुर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। परिसदन में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। दौरे के दौरान उन्होंने टाटा मेन हॉस्पिटल पहुंचकर उपचाररत भाजपा पश्चिम सिंहभूम जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू का हालचाल भी जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### जनरल स्टोर के बाहर हुई फायरिंग



**पूर्वी सिंहभूम।** जुगसलाई थाना क्षेत्र के मिल्लत नगर में रविवार की रात रंगदारी और उधारी के विवाद में फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार हबीब नगर स्थित एक जनरल स्टोर पर रविवार रात मोहल्ले के बच्चा राज और पलटन नामक दो युवक पहुंचे। बताया जाता है कि विवाद बढ़ता देख दुकानदार ने अपनी सुरक्षा के मद्देनजर दुकान का शटर बंद कर लिया। इससे नाराज दोनों युवकों ने कथित तौर पर दुकान के शटर पर लात मारकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। पहली गोली दुकान के सामने सड़क किनारे बंपर के पास चली, जबकि दूसरी गोली कुछ दूरी पर दागी गई। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही जुगसलाई थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दो खाली खोखे बरामद किए हैं, जिन्हें जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपितों की गतिविधियों और घटना के क्रम की पुष्टि की जा सके। जुगसलाई थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी के अनुसार अपराधियों की पहचान हो गई है उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नहीं रहे खूंटी के समाजसेवी आदित्य प्रसाद साहू

एजेंसी। खूंटी



गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता, केंद्रीय रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष, अखाड़ा के उस्ताद रहे आदित्य प्रसाद साहू का निधन रविवार की देर रात रिम्स में इलाज के दौरान हो गया। आदित्य प्रसाद के निधन की खबर मिलते ही सोमवार की सुबह उनके डीएवी रोड स्थित आवास पर लोगों की भीड़ लग गई। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता आदित्य प्रसाद पिछले कई महीनों से बीमार थे। वे झारखंड प्रदेश कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समिति, अखिल विश्व गायत्री परिवार खूंटी शाखा, केंद्रीय रामनवमी महासमिति खूंटी, चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े थे। आदित्य प्रसाद के निधन पर शोक करते हुए केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष अनूप साहू और महामंत्री जितेंद्र कश्यप ने कहा कि है आदित्य प्रसाद केंद्रीय रामनवमी महासमिति के उस्ताद रहे तथा सनातन धर्म के हमेशा हितचिंतक और बूढ़ा महादेव के अन्य भक्त थे। वे नागपुरी भाषा के कवि और जानकार थे।

**सांसद सहित कई लोगों ने जताई संवेदना–** आदित्य प्रसाद साहू के निधन पर पद्मभूषण कड़िया मुंडा, सांसद कालीचरण मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, भाजपा के जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

# एमटीएमसी के पहले दीक्षांत समारोह में 133 विद्यार्थियों को मिली एमबीबीएस की डिग्री

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम




पूर्वी सिंहभूम जिले के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित बारीडीह के मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) में सोमवार को संस्थान का पहला दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर कॉलेज के प्रथम एमबीबीएस बैच (सत्र 2020-21) के 133 विद्यार्थियों को चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) की डिग्री प्रदान की गई। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार थे, जिन्होंने विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। डॉक्टर समाज में विश्वास, करुणा और सेवा के प्रतीक होते हैं। मरीज जब अस्पताल पहुंचता है तो वह केवल इलाज ही नहीं, बल्कि संवेदनशील व्यवहार और भरोसे की भी अपेक्षा करता है। ऐसे में चिकित्सकों की जिम्मेदारी केवल रोगों का उपचार करना नहीं, बल्कि मरीजों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना भी है। राज्यपाल ने कहा कि अस्पताल समाज में आशा और जीवन का केंद्र होते हैं। इसलिए चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े युवाओं को अपने पेशे को सेवा और समर्पण के भाव से निभाना चाहिए। उन्होंने नवस्नातक डॉक्टरों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और अनुभव का उपयोग ऐसे भारत के निर्माण में करें, जहां स्वास्थ्य सेवाएं सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंच सकें और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा हर नागरिक का अधिकार बन सके। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में सफलता का वास्तविक पैमाना केवल व्यक्तिगत उपलब्धियां या आर्थिक प्रगति नहीं है, बल्कि समाज के गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना भी है। एक चिकित्सक का दायित्व समाज के प्रति उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी मरीज के प्रति। समारोह में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार के. विजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष सुंदर रामम, विशेष परियोजनाओं के समूह अध्यक्ष एवं मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई) के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) सोमनाथ दास तथा एमटीएमसी के डीन ब्रिगेडियर (डॉ.) एच.एस. बंधु भी मंचासीन थे। उल्लेखनीय है कि इस समारोह में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को भी शामिल होना था, लेकिन पूर्व निर्धारित व्यस्तताओं के कारण वे समारोह में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो सके। हालांकि, उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से समारोह को संबोधित करते हुए सभी विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त करने पर बधाई दी और उनके सफल चिकित्सा जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# आरपीएफ ने 61 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

एजेंसी। रांची



रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से 61 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार, ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची आरपीएफ फ्लाइंग टीम, आरपीएफ पोस्ट एवं आरपीएफ की अपराध शाखा ने यह कार्रवाई की है। आरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान ट्रेन संख्या 18309 संबलपुर–जम्मूतवी एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-3 में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को चार ट्रॉली बैग एवं तीन पिट्ठू बैग के साथ पाया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बैगों में गांजा होने की बात स्वीकार की। ट्रेन के रवाना होने पर सभी संदिग्धों को उनके सामान सहित नामकुम रेलवे स्टेशन पर उतारकर विधिसम्मत जांच की गई। जांच के दौरान आयुष सिंह (22), प्रिंस कुमार (21) एवं अंकित पाठक (19) को गिरफ्तार किया गया। तीनों बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं। इनके पास से 61 किलो गांजा और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। रांची आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त प्रताप सिंह नेगी के निर्देशन में डीडी किट से परीक्षण करने पर बरामद पदार्थ गांजा पाया गया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 30.50 लाख रुपये आंकी गई है। बरामद गांजा एवं अन्य सामग्री को जब्त कर तीनों आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए लिखित प्राथमिकी के साथ जीआरपी रांची को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर शिशुपाल कुमार, इंस्पेक्टर लालबहादुर, एएसआई योगेंद्र कुमार, एएसआई अनिल कुमार, एएसआई अभिषेक कुमार, स्टाफ ए.जे. अंसारी, आर.के. सिंह, हेमंत तथा छोटे कुमार सिंह शामिल थे।

# झारखंड में फिर दिखने लगा गर्मी का असर

एजेंसी। रांची



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को एक बार फिर गर्मी का असर देखने को मिला। सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण लोगों को उमस और तेज गर्मी का सामना करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों से हुई बारिश के कारण मौसम में आई ठंडक अब धीरे-धीरे समाप्त होती नजर आ रही है। हालांकि, मौसम विभाग ने राज्यवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार झारखंड में 7 जून तक कई जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलता रहेगा। कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है, लेकिन इसके बावजूद दिन के समय गर्मी और उमस लोगों को परेशान कर सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 19.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा। अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री तथा न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बोकारो में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री और न्यूनतम 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों हुई बारिश के कारण राज्य के तापमान में 9 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई थी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली थी और वातावरण में नमी बनी हुई थी। अब मौसम साफ होने के साथ तापमान में फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौसम विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के झारखंड में सामान्य समय से पहले पहुंचने की संभावना है। विभाग के अनुमान के अनुसार राज्य में 10 से 15 जून के बीच मानसून प्रवेश कर सकता है, जिससे किसानों और आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# रांची में आयोजित 17वें पेंशन दरबार में सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित

एजेंसी। रांची



रांची के जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में 17वें पेंशन दरबार-सह-सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके लंबे और उल्लेखनीय शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा उन्हें सेवानिवृत्ति संबंधी लाभों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। शिक्षकों ने अपने ज्ञान, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित किया, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य को संवारने में भी अहम भूमिका निभाई है। उपायुक्त ने कहा, "आप सभी शिक्षकों ने शिक्षा के पवित्र क्षेत्र में निष्ठा, धैर्य और समर्पण के साथ सेवा की है। आपने सिर्फ पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान नहीं दिया, बल्कि हजारों बच्चों के सपनों को नई उड़ान दी है। समाज को योग्य, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक देने में आपका योगदान अविस्मरणीय है। आपका अनुभव और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा।" उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन शिक्षकों की सेवाओं और उनके योगदान के प्रति सदैव सम्मान का भाव रखता है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को नई जीवन यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखद और सक्रिय जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यह 17वां पेंशन दरबार-सह-सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह है। इस पहल के तहत अब तक 300 से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं लाभान्वित हो चुके हैं। प्रशासन की ओर से यह प्रक्रिया लगातार जारी है, ताकि सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर उनके अधिकार और सम्मान दोनों मिल सकें। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में सुधांशु रंजन प्रमाणिक, असीमा लकड़ा, माला सामद, मृत्युंजय सिंह मुंडा, इजहार अहमद, मरियम खोया, सीमा बारला, संजय कुमार और मीनू कुमारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी सम्मानित शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, शॉल, पुष्पगुच्छ तथा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके योगदान को सराहा गया।

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102**
**email:gm_mdnjseb@yahoo.in,Telephone:-06562-295539**

**Short e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 118/PR/JB VNL/26-27 | Raising of height of boundary wall of Inspection Bunglow(I.B), Daltonganj under Electric Supply Area, Medininagar | 860600/– | 17300/– | 1250.00+226.00 (GST 18%) = 1476.00 | 90 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 02.06.2026 3:00 PM to 15.06.2026 at 4:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 15.06.2026 at 4:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 16.06.2026 at 4:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM cum CE, Electric Supply Area, Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**PR 381217 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D**

**Sd/-**
**GM-cum-CE**
**ESA, Medininagar**

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा में पहली बार खुलेगा टीवीके का खाता

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में राज्यसभा की एक सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। सत्तारूढ़ टीवीके को पहली सीट



मिलने की उम्मीद है। मेलम विधानसभा क्षेत्र से जीत के बाद अन्नाद्रमुक नेता सीवी षणमुगम ने सात मई को राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। इस तरह यह सीट खाली हुई थी। चूंकि, टीवीके राज्य विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी है, इसलिए राज्यसभा चुनाव में उसके उम्मीदवार की आसान जीत की संभावना है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि टीवीके यह सीट अपने पास रखेगी या किसी गठबंधन सहयोगी, विशेषकर कांग्रेस को दे देगी। चुनाव परिणाम आने के बाद टीवीके को समर्थन देने वाली पहली पार्टी कांग्रेस ही थी। चुनाव के लिए नामांकन एक से आठ जून तक दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच नौ जून को की जाएगी। जरूरत पड़ने पर मतदान 18 जून को होगा। मतगणना उसी दिन शाम पांच बजे शुरू होगी।

### ग्रेटर नोएडा में आवारा कुत्तों का खौफ, एक दिन में चार बच्चों पर हमला

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर म्यू टू में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। पिछले एक हफ्ते से रोजाना बच्चों और बड़ों पर कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। निवासियों का दावा है कि शुक्रवार को एक ही दिन में चार बच्चों को निशाना बनाया। इससे पहले आवारा कुत्ते पांच लोगों को कुत्तों ने काट लिया। इससे पूरे सेक्टर में डर का माहौल बन गया है। सेक्टर निवासी धर्मेन्द्र राठी ने मुख्य



कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि सेक्टर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती रही है। कुत्ते आक्रामक हो गए हैं और राह चलते लोगों पर हमला कर रहे हैं। पास के सरकारी अस्पताल से भी घटना की पुष्टि की जा सकती है। धर्मेन्द्र राठी ने बताया कि प्राधिकरण को बार-बार अवगत कराने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालात ये हैं कि कुत्तों के डर से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चे पार्क में खेलने से डर रहे हैं और बुजुर्ग मॉर्निंग वॉक पर नहीं जा पा रहे। रातभर कुत्तों के भौंकने से सेक्टर के लोग परेशान हैं। निवासियों ने प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों से अनुरोध किया है कि आक्रामक हो चुके कुत्तों को तुरंत पकड़ा जाए ताकि आगे किसी बच्चे या बड़े को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने मांग की है कि पूरे सेक्टर में अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए और उनकी नसबंदी कराई जाए। सेक्टर के लोगों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्राधिकरण कार्यालय पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# हिमाचल पंचायत चुनाव: 2062 गरीब और 429 अनपढ़ प्रतिनिधियों का चुनाव, युवा-महिला भागीदारी बढ़ी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026-31 ने ग्रामीण लोकतंत्र की नई तस्वीर पेश की है। चुनावी आंकड़ों से स्पष्ट है कि इस बार युवा वर्ग, महिलाएं और शिक्षित उम्मीदवार बड़ी संख्या में चुनावी मैदान में उतरे और सफलता हासिल की। यही नहीं 29483 निर्वाचित उम्मीदवारों में 2062 गरीबी रेख से नीचे के परिवारों के विजेता शामिल है। राज्य निर्वाचन आयोग के आंकडों के आधार पर पढे-लिखों का बोलबाला है लेकिन पूर्ण साक्षर हिमाचल प्रदेश में 429 प्रत्याशी ऐसे भी चुने गए हैं जो अनपढ़ बताए गए हैं।

पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणाम अब आने वाले पांच वर्षों के दौरान कई इबारतें लिखेंगे। आर्थिक स्थिति के आधार पर अधिकांश उम्मीदवार एपीएल वर्ग से रहे। हालांकि बीपीएल वर्ग के दो हजार से अधिक उम्मीदवारों का निर्वाचित होना यह दर्शाता है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग भी पंचायत नेतृत्व में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहा है। लगभग 80 प्रतिशत से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधि कम से कम मैट्रिक या उससे अधिक शिक्षित हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों में क्या?

राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न पदों के लिए 86 हजार से



अधिक नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 70 हजार उम्मीदवार मैदान में रहे और अंततः करीब 29,483 उम्मीदवार निर्वाचित हुए।महिला आरक्षित तथा सामान्य महिला श्रेणी में बड़ी संख्या में उम्मीदवार विजयी होकर पंचायतों की कमान संभालेंगी। 31 से 50 वर्ष आयु वर्ग के 19,577 उम्मीदवार विजयी हुए, जो कुल निर्वाचितों का लगभग 66 प्रतिशत है। चुनाव में महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक रही और निर्वाचित प्रतिनिधियों में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों से अधिक दर्ज किया गया।

आयु वर्ग के आधार पर देखा जाए तो 31 से 50 वर्ष के उम्मीदवारों का दबदबा रहा। कुल नामांकन में 62 प्रतिशत से अधिक उम्मीदवार इसी आयु वर्ग से रहे। निर्वाचित उम्मीदवारों में भी सबसे बड़ी हिस्सेदारी 31-40 वर्ष तथा 41-50 वर्ष आयु वर्ग की रही। इससे स्पष्ट है कि ग्रामीण नेतृत्व की कमान अब अनुभव और ऊर्जा के संतुलन वाले वर्ग के हाथों में दी गई है। शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सबसे अधिक उम्मीदवार मैट्रिक पास रहे। कुल निर्वाचित उम्मीदवारों में लगभग 45 प्रतिशत दसवीं पास हैं वहीं उच्च माध्यमिक, स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षित प्रतिनिधियों की भी अच्छी संख्या सामने आई है, जो पंचायतों में बेहतर प्रशासन और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की उम्मीद बढ़ाती है।

### नागपुर: शादी का झांसा देकर महिला से किया रेप, 14.8 लाख भी ठगे

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर पुलिस ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए एक 31 वर्षीय महिला से दोस्ती कर उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने और लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 36 वर्षीय राघवेंद्र किशोर अवस्थी के रूप में हुई है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता से कथित तौर पर 14.8 लाख रुपये की ठगी की। महिला का यह भी आरोप है कि अवस्थी के इस गैरकानूनी खेल में उसके परिवार के कुछ सदस्य भी शामिल थे। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपी राघवेंद्र ने मैट्रिमोनियल साइट पर खुद को तलाकशुदा बताया था। उसने महिला को गुमराह करने के लिए यह झूठा दावा भी किया कि उसकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी है, जबकि असलियत यह थी कि उसकी पहली पत्नी अभी जिंदा है। पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, राघवेंद्र अवस्थी ने पीड़िता से अलग-अलग मौकों पर पैसों की मांग की। उसने महिला को झांसा दिया कि उसे एक नया जिम बिजनेस शुरू करना है और इसके लिए उसे बड़ी रकम की जरूरत है। उसकी बातों में आकर महिला ने उसे कुल 14.8 लाख रुपये दे दिए।

## नाकारा-निकम्मी सरकार से जनता को नुकसान; गहलोत ने राजस्थान सरकार को बताया काम में फिसड्डी

### डबल इंजन सरकार के दावों पर उठाए सवाल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल शर्मा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि प्रदेश में पांच साल तक



नाकारा और निकम्मी सरकार बनी रही तो इसका सबसे बड़ा नुकसान आम जनता को उठाना पड़ेगा। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल शर्मा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि प्रदेश में पांच साल तक नाकारा और निकम्मी सरकार बनी रही तो इसका सबसे बड़ा नुकसान आम जनता को उठाना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि राजस्थान में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और कानून व्यवस्था से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बुनियादी सुविधाओं तक हर क्षेत्र में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अजमेर दौरे के दौरान रविवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए गहलोत ने कहा कि प्रदेश की जनता डबल इंजन सरकार से बेहतर शासन की उम्मीद कर रही थी, लेकिन वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि लगातार अपराध बढ़ रहे हैं, महिलाओं के खिलाफ घटनाएं सामने आ रही हैं, दवाइयों की उपलब्धता प्रभावित हुई है और आम लोगों की समस्याओं की कहीं सुनवाई नहीं हो रही। गहलोत ने कहा कि वह लगातार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को आगाह कर रहे हैं, क्योंकि अगले पांच साल तक यही सरकार प्रदेश चलाएगी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करती है तो जनता को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से गांव-गांव में अपनी एजेंसियां भेजकर जनता का फीडबैक लेने की सलाह दी।

**भ्रष्टाचार और विकास कार्यों पर सरकार को घेरा-** पूर्व मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि वह यह दावा नहीं करते कि उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त था, लेकिन वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं टूट चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़कों की हालत खराब है, ठेकेदारों को समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**ठेकेदारों और विभागों में भुगतान संकट का आरोप-** हलोत ने कहा कि छोटे ठेकेदार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और विभिन्न विभागों में भुगतान रुका हुआ है। उनके अनुसार विकास कार्यों की गति थम गई है और सरकारी मशीनरी वित्तीय दबाव में काम कर रही है। पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उल्लेख करते हुए गहलोत ने कहा कि बुजुर्गों और विधवाओं को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है। वहीं पेयजल संकट को लेकर भी उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई इलाकों में लोग टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठा रही।

## नया आंदोलन शुरू करने की तैयारी में भाजपा नेता के. अन्नामलाई, युवाओं और स्वयंसेवकों को देंगे ट्रेनिंग

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु भाजपा के कद्दावर नेता के. अन्नामलाई राज्य की सियासत में एक नया दांव खेलने जा रहे हैं। भाजपा नेता अन्नामलाई राज्य में एक नया आंदोलन शुरू करेंगे। इसका उद्देश्य समान विचारधारा वाले लोगों को एकजुट करना और स्वयंसेवकों का एक मजबूत कैडर तैयार कर उन्हें राजनीतिक रूप से प्रशिक्षित करना है।

एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से बाताय कि तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई राज्य में एक नया आंदोलन शुरू करेंगे। हालांकि, अन्नामलाई के एनजीओ 'वी द लीडर्स' के जरिए बढ़ने वाले इस आंदोलन की अगले छह महीने तक किसी राजनीतिक दल में बदलने की योजना नहीं है, और प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ही इस नई मुहिम के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई ने 2020 में राजनीति में प्रवेश किया और 2021 में एल मुरुगन की जगह तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष का पद संभाला और 2025 तक इसका नेतृत्व किया था।

अन्नामलाई को एक स्वच्छंद और मुखर चेहरे के रूप में देखा जाता था और उन्हें भाजपा को काफी हद तक पुनर्जीवित करने का श्रेय दिया जाता है। उनकी आक्रामक शैली और मीडिया में उनकी उपस्थिति ने उन्हें केंद्रीय नेताओं के लिए एक महत्वपूर्ण आवाज बना दिया।

लेकिन अंततः उन्होंने अपनी सीमा पार कर ली थी, सीएन अन्नादुराई और जे जयललिता पर उनकी विवादास्पद टिप्पणियों ने सहयोगी एआईएडीएमके को उनसे अलग कर दिया था। इसके परिणामस्वरूप 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले गठबंधन टूट गया।

## कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, 18 वर्षीय युवती की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में एक निजी बार में शुरू हुआ मामूली विवाद सड़क पर हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि युवकों के एक समूह ने कार से दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई, जबकि उसकी नाबालिग दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों बालामुरुगन (21), जोशवा (19) और किशोर कुमार (19) को गिरफ्तार किया है। मृतक युवती की पहचान यांसी (18) के रूप में हुई है, जो श्रीलंकाई शरणार्थी परिवार से थी और विलुप्पुरम जिले में रहती थी।पुलिस के अनुसार, यांसी अपने दोस्तों के साथ एक निजी बार में डांस कर रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद दूसरे समूह के युवकों के साथ कहासुनी हो गई। स्थिति बिगड़ने पर बाउंसरों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।



## ग्वालियर: नदी में शव फेंककर बोला- मगरमच्छ खा जाएंगे

### नाबालिग की मौत पर सौतेले पिता की कहानी में उलझी पुलिस

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर की 13 वर्षीय छात्रा का शव भिंड में सिंध नदी किनारे मिलने के बाद मामला और पेंचीदा हो गया है। पुलिस की शुरुआती जांच और फोरेंसिक टीम द्वारा कराए गए सीन रिक्रिएशन में सौतेले पिता की बताई पूरी कहानी वैज्ञानिक साक्ष्यों से मेल नहीं खा रही है। बता दें कि सौतेले पिता ने पुलिस को बताया कि गत 24 मई की रात छात्रा घर में पढ़ रही थी। रात करीब 11 बजे बिजली जाने पर उसकी मां जागी तो बेटी घर में नहीं मिली। कुछ देर तलाश के बाद दंपती लौटा तो घर अंदर से बंद था।

पिता ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और करीब 25 मिनट बाद बाहर आकर बताया कि बच्ची ने साड़ी के फंदे से आत्महत्या कर ली है। पुलिस के लिए यही 25 मिनट सबसे बड़ा सवाल बन गया है। जांचकर्ता यह समझने का



प्रयास कर रहे हैं कि उस दौरान घर के अंदर क्या हुआ और इतने समय बाद ही आत्महत्या की जानकारी क्यों दी गई। इसी वजह से पुलिस अब आत्महत्या की थ्योरी से आगे बढ़कर अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। पुलिस ने शव की पहचान सुनिश्चित करने के लिए अब डीएनए परीक्षण कराने का फैसला लिया है। शव ठिकाने लगाने की कहानी भी सवालों में, मां भी जांच के घेरे में-पुलिस जांच में सामने आया है कि कथित तौर पर बच्ची की मौत के बाद आरोपित पिता अपनी कार लेकर पेट्रोल पंप पहुंचा, वहां सीएनजी भरवाई, फिर शव को लेकर भिंड पहुंच गया। उसने शव को सिंध नदी में फेंक दिया। पूछताछ में उसने पत्नी से यह भी कहा था कि नदी में मौजूद मगरमच्छ शव को खा जाएंगे और घटना का कोई सुराग नहीं मिलेगा। वहीं, पुलिस अब मृतका की मां की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि यदि उसे घटना की जानकारी थी तो उसने पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी। यह परखा कि क्या अकेला व्यक्ति इतनी कम अवधि में शव को फंदे पर लटकाकर पूरी घटना को आत्महत्या का रूप दे सकता था। शुरुआती संकेतों ने पुलिस की शंकाओं को और मजबूत किया है।

### सीएम नायब सैनी की बैठक में 16 में से 13 समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान, नहीं बख्शे जाएंगे भ्रष्ट अफसर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में सिविल लाइंस स्थित जॉन हॉल में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष 16 परिवाद रखे गए। इनमें से 13 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि तीन मामलों को लंबित रखा गया। बैठक के दौरान लक्ष्मण विहार की एक महिला ने उनके मकान की गलत रजिस्ट्री तहसील में गलत तरीके से किए जाने की शिकायत की। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए।

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि जांच में यदि तहसीलदार की भूमिका दोषपूर्ण पाई जाती है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि नगर निगम मानेसर में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों का भुगतान अब जीपीएस ट्रैकिंग के आधार पर ही किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## फरीदाबाद में बना रिकार्ड: जहां थी मस्जिद, वहां 24 घंटे में नई सड़क बनकर तैयार; जाम से मिली बड़ी राहत

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद में मस्जिद तोड़कर स्लिप रोड के लिए खाली कराई जगह पर फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण ने 24 घंटे के भीतर सड़क का निर्माण पूरा कर दिया। वहीं, सोमवार सुबह वाहनों के लिए इसको खोल भी दिया गया। इसके साथ पुलिस ने भी फरीदाबाद गुरुग्राम रोड को पूरी तरह से खोल दिया। शनिवार सुबह भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मस्जिद को निगम ने तोड़ा था। इसकी जगह पर 10 मीटर चौड़ी और 90 मीटर लंबी स्लिप रोड बना दी गई है। जिससे वाहनों को जाम से छुटकारा मिलेगा।

एनआइटी तीन चौक पर शनिवार तड़के तोड़ी गई अवैध मस्जिद का मलबा रविवार को उठाने का काम तेजी से जारी रहा। निगम का 10 डंपर तेजी से मलबा उठाने में जुटे रहे। वहीं, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण ने स्लिप रोड बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। एफएमडीए की ओर से 10 मीटर चौड़ी और 90 मीटर लंबी स्लिप रोड का निर्माण किया जाएगा। यह काम शुरू भी कर दिया है ताकि दोबारा कब्जा न हो सके।

फरीदाबाद से गुरुग्राम जाने वाले लोगों को एनआइटी तीन चौक के पास जाम का सामना करना पड़ता था। इस चौक से होकर बड़खल और एनआइटी विधानसभा में रहने वाले गुरुग्राम की तरफ जाते थे। चौक के पास मस्जिद के साथ अन्य भी अवैध निर्माण था। जिसकी वजह से सड़क पूरी तरह से संकरी हो गई थी। ट्रैफिक पुलिस को भी जाम खुलवाने के लिए काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता था। मस्जिद के पीछे बनी हुई दुकानों ने संकरी सड़क पर भी अतिक्रमण किया हुआ था। त्योहारी और शादी के सीजन



में इस सड़क से निकलना मशक्कत का काम था। पाली इंडस्ट्रियल एरिया से आने वाले बड़े वाहन भी इस चौक से होकर एनआइटी की तरफ आते हैं।

### एफएमडीए की ओर से मौके पर डाली गई निर्माण सामग्री

अवैध निर्माण तोड़ने के बाद जिला प्रशासन किसी भी तरह की चूक नहीं करना चाहता है। कई बार देखने में आता है कि कब्जा तोड़ने के बाद अधिकारियों की लापरवाही की वजह से दोबारा निर्माण खड़ा हो जाता है। इसलिए मलबा हटाने के दौरान ही एफएमडीए की ओर से निर्माण सामग्री मौके पर डाल दी गई। एफएमडीए कार्यकारी अभियंता के अनुसार, स्लिप रोड बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। लोगों को जाम से काफी राहत मिलेगी।

## विश्व दुग्ध दिवस: गाजियाबाद में जरूरत 12 लाख लीटर से ज्यादा दूध की, पर उत्पादन सात लाख लीटर

**गाजियाबाद, एजेंसी।** घटते जंगल और दुधारू पशु का असर दूध के उत्पादन पर देखने को मिला है। जिले में दूध की खपत प्रतिदिन 10 से 12 लाख लीटर है। जबकि गाजियाबाद में दूध का उत्पादन सात लाख लीटर प्रतिदिन हो रहा है। ज्यादातर शहरी आबादी को पैकेट बंद दूध पर निर्भर रहना पड़ रहा है। तीन से चार लाख लीटर दूध प्रतिदिन दूसरे जिलों से आता है। एनसीआर के तेजी से विकसित हो रहे शहर गाजियाबाद में दूध की मांग लगातार बढ़ रही है। बढ़ती आबादी, डेयरी उत्पादों की खपत और होटल-रेस्तरां कारोबार के विस्तार के कारण जिले में रोजाना बड़ी मात्रा में दूध की आवश्यकता पड़ रही है। हालांकि शहरी क्षेत्र में डेयरी कारोबार में इजाफा होने से दूध का उत्पादन बढ़ा है, लेकिन यह उत्पादन मांग की तुलना में कम है।



जिले की जरूरतों को पूरा करने के लिए अभी भी बाहरी आपूर्ति पर निर्भरता बनी हुई है। पशुपालन और डेरी क्षेत्र से जुड़े आंकड़ों के अनुसार गाजियाबाद जिले में दूध उत्पादन पिछले वर्षों में लगातार बढ़ा है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों, विशेष रूप से लोनी, मुरादनगर, भोजपुर और रजापुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान डेरी व्यवसाय से जुड़े हैं। भैंस और उन्नत नस्ल की गायों के पालन से हजारों परिवारों की आय का प्रमुख स्रोत दुग्ध उत्पादन बना हुआ है।

जिले की आबादी - 50 लाख से अधिक प्रतिदिन दूध की जरूरत - 10 से 12 लाख लीटर स्थानीय दूध उत्पादन - सात से आठ लाख लीटर प्रतिदिन बाहरी जिलों से आपूर्ति - तीन से चार लाख लीटर प्रतिदिन आपूर्ति करने वाले जिले - मेरठ, बागपत, हापुड़, बुलंदशहर दूध में मिलावट बना बड़ी चुनौती दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में किए गए एक सर्वे के अनुसार अधिकांश परिवार प्रतिदिन एक से डेढ़ लीटर या उससे अधिक दूध का उपयोग करते हैं। चाय, काफी, दही, पनीर, मिठाई और अन्य दुग्ध उत्पादों की बढ़ती खपत के कारण मांग लगातार बढ़ रही है। दूध की बढ़ती मांग के साथ मिलावट की समस्या भी चिंता का विषय बनी हुई है। हाल के महीनों में गाजियाबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कई कार्रवाई करते हुए मिलावटी पनीर और डेरी उत्पाद नष्ट कराए गए हैं। त्योहारों और शादी के सीजन में मिलाटव का खेल ज्यादा चलता है। शहरी क्षेत्र में एक हजार से अधिक डेरी संचालित हो रही हैं। नगर निगम ओर से पहले डेरी को अवैध बताकर कार्रवाई की जाती थी लेकिन अब निगम ने नियम लागू कर दिए हैं। जो लोग गोबर का निस्तारण करते हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सीमा पार से सिर्फ घुसपैठ नहीं, भीतर तक फैलता सुरक्षा का खतरा

अब सीमा से पंद्रह किलोमीटर तक के क्षेत्र में हर अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और शून्य सहनशीलता की नीति के तहत ऐसे निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा ।पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में घुसपैठ और इससे जुड़ी आतंकवाद की समस्या ने भारत को किस स्तर तक नुकसान पहुंचाया है, यह छिपा नहीं है। हालांकि सीमा पर तैनात सुरक्षा बल के जवान अपनी ओर से पूरी कोशिश करते हैं कि पाकिस्तानी ठिकानों से भारत में घुसपैठ करने वालों को रोकें, गिरफ्तार करें या फिर जरूरत पड़ने पर उन्हें निशाना बनाया जाए। विडंबना यह है कि आज भी सीमा पर भारत को अक्सर घुसपैठ और आतंकी हमलों का सामना करना पड़ता है ।इसकी एक बड़ी वजह सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के तार और निगरानी का तंत्र अपेक्षित स्तर पर मजबूत न होने को माना जाता रहा है। फिर सीमा पर स्थित रिहाइशी इलाकों में भी कई बार आतंकी सूत्रों से जुड़े लोगों की पहचान नहीं पाने के अपने जोखिम हैं। शायद यही वजह है कि गृहमंत्री अमित शाह ने साफ लहजे में पाकिस्तान सीमा के आसपास सुरक्षा के लिहाज से सख्त नीति अपनाने को कहा है ।गौरतलब है कि राजस्थान के सीमावर्ती इलाके के आसपास के जिलों में सुरक्षा को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने उच्चस्तरीय बैठक में भारत और पाकिस्तान सीमा के आसपास चौतरफा सुरक्षा योजना के तहत कई अहम निर्देश दिए हैं। इसके मुताबिक, अब सीमा से पंद्रह किलोमीटर तक के क्षेत्र में हर अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और शून्य सहनशीलता की नीति के तहत ऐसे निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा ।इस सख्ती की वजह मुख्य रूप से राजस्थान के सीमाई इलाके के जिलों में घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाना है। यह छिपा नहीं है कि सीमा से सटे क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से अलग-अलग रूप में होने वाली घुसपैठ अंतिम तौर पर भारत में आतंकवाद की जड़ों को मजबूत करती है ।खासतौर पर सीमावर्ती इलाकों में अवैध रूप से रहने वाले कुछ लोग कई बार आतंकियों के लिए अप्रत्यक्ष सहायक के रूप में काम करते हैं। इनमें से कई लोग भ्रष्टाचार का सहारा लेकर न केवल स्थानीयता का फर्जी दस्तावेज बनवा लेते हैं, बल्कि संदिग्ध वित्तीय लेनदेन, अवैध गतिविधियों और सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी में भी लिप्त होते हैं ।यह अकारण नहीं है कि आतंकवाद के खिलाफ चलने वाले अभियान के सामने अक्सर आंतरिक मोर्चों पर खड़ी जटिलताएं एक बड़ी चुनौती होती हैं। दरअसल, पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों ने सीमावर्ती इलाकों में अपना नेटवर्क खड़ा करने के लिए स्थानीय आबादी में घुसपैठ करके अपनी जगह बनाने को एक ढांचे के रूप में विकसित किया है। इसके अलावा, वे कारोबारी प्रतिष्ठानों से संपर्क साध कर भी आतंकी संगठनों के वित्तपोषण का एक संजाल खड़ा करते हैं ।पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को शह देने का मुद्दा कई बार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भी उठ चुका है। भारत की ओर से लगातार चेतावनी और सख्ती के बावजूद सीमा पर घुसपैठ और आतंकवादी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा पाना अब तक संभव नहीं हो सका है। पिछले वर्ष पहलगाम में पर्यटकों पर हमले से लेकर आतंकी वारदात की एक लंबी श्रृंखला रही है। इस लिहाज से देखें, तो सीमावर्ती इलाकों में आतंकी तत्वों या उनके लिए सहयोगी के रूप में काम करने वाले तंत्र के खिलाफ सख्ती एक जरूरी कार्रवाई है।

*विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के मुताबिक लू से अर्थव्यवस्था को चौतरफा नुकसान होता है। डब्ल्यूएमओ का कहना है कि बढ़ते तापमान का अर्थ हीट वेव का बढ़ना, बहुत ज्यादा मात्रा में बर्फ का पिघलना, समुद्र जलस्तर का बढ़ना तथा मौसम की चरम घटनाओं का और ज्यादा विनाशकारी होना है, जिसका सीधा प्रभाव पर्यावरण, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास पर पड़ेगा।*

## हीट वेव की गिरफ्त में भारत- तपती धरती, तड़पता जीवन

**(योगेश कुमार गोयल)**

वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है। मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव (लू) से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुताबिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए। यह जानना भी जरूरी कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्रायः दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता हं। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1.66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है। आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थायी विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की संभावना होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं। आईएमडी के मुताबिक वैसे तो हर साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना इत्यादि उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य, पूर्व और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के मैदानी इलाकों में मार्च से जून के दौरान हीट वेव का दौर चलता है लेकिन जैसे-जैसे पृथ्वी की जलवायु गर्म होती जा रही है, दिन और रात भी सामान्य से अधिक गर्म होते जा रहे हैं, जिससे हीट वेव की घटनाएं बढ़ रही हैं और मौतों तथा बीमारियों की आशंका भी बढ़ रही है। प्रश्न यह है कि भारत में हीट वेव को लेकर ऐसी स्थिति क्यों निर्मित हो रही है? पिछले 30 वर्षों के तापमान तथा गर्म हवाओं का आकलन करते हुए आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया था कि घटती हरियाली, शहरीकरण तथा कंक्रीट से निर्माण के कारण ही अब प्रतिवर्ष हीट वेव में वृद्धि हो रही है। प्रायः देखा जाता है कि एक ही शहर में कुछ जगहों पर उच्च तापमान दर्ज किया जाता है तो कुछ जगहों पर तापमान कम रहता है। कुछ स्थानीय कारण इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। दरअसल अधिक हरे-भरे इलाकों में तापमान कम दर्ज किया जाता है जबकि चारों ओर बसी कालोनियों तथा ऊंची-ऊंची इमारतों वाले इलाकों में तापमान ज्यादा दर्ज होता है। तकनीकी भाषा में इसे 'अर्बन हीट आईलैंड इफैक्ट' कहा जाता है। पेड़-पौधों की कमी, अधिक शहरीकरण तथा कंक्रीट से अधिक निर्माण इत्यादि विविध कारणों से शहर ज्यादा तप रहे हैं। इसके पीछे एक बड़ी वजह शहरों में निरन्तर बढ़ता जनसंख्या घनत्व भी है। जनसंख्या का घनत्व बढ़ते जाने से हरियाली नष्ट हो रही है।

## किसानों के लिए कुछ भी कर जाते हैं पीएम मोदी, समुद्र में अटके खाद के 17 जहाज, हजारों किलोमीटर घुमा कर लाने की तैयारी

**(नीरज कुमार दुबे)**

पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद भारत आने वाले खाद से लदे 17 जहाज फारस की खाड़ी क्षेत्र में फंस गए हैं। इन जहाजों के अटकने से देश में खाद आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक वैकल्पिक योजना पर काम शुरू किया है। किसानों के हितों की रक्षा और देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाए रखना मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट मानना है कि किसानों को सस्ती दरों पर खाद उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं आनी चाहिए, इसलिए जरूरत पड़ने पर सरकार इसके लिए खजाना खोलने से भी पीछे नहीं हटती। हम आपको बता दें कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर खाद की आपूर्ति और कीमतों पर दबाव बढ़ा है, लेकिन केंद्र सरकार ने समय रहते कई महत्वपूर्ण कदम उठाकर यह सुनिश्चित करने की तैयारी शुरू कर दी है कि खरीफ और रबी मौसम में किसानों को खाद की कमी का सामना न करना पड़े। वैकल्पिक परिवहन मार्गों की तलाश, अतिरिक्त आयात, बढ़ती सब्सिडी का बोझ उठाने की तैयारी और सक्रिय कूटनीतिक प्रयास इस बात का प्रमाण हैं कि किसानों की जरूरतों को पूरा करना सरकार की सबसे बड़ी चिंता है। रिपोर्टों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद भारत आने वाले खाद से लदे 17 जहाज फारस की खाड़ी क्षेत्र में फंस गए हैं। इन जहाजों के अटकने से देश में खाद आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक वैकल्पिक योजना पर काम शुरू किया है। इसके तहत संबंधित बंदरगाहों पर जहाजों के पहुंचने के बाद खाद को सड़क मार्ग से लगभग 1200 किलोमीटर दूर सऊदी अरब के यनबू बंदरगाह तक पहुंचाया जाएगा। वहां से इसे फिर समुद्री मार्ग के जरिए भारतीय बंदरगाहों तक लाने की योजना बनाई जा रही है। यद्यपि यह मार्ग लंबा है और इसमें अधिक समय लगेगा, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में इसे सबसे व्यवहारिक विकल्प माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार खाद विभाग ने मंत्रियों के एक अनौपचारिक समूह को इस योजना की जानकारी दी है। अधिकारियों का मानना है कि जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होने के कारण सीधे मार्ग से आपूर्ति फिलहाल संभव नहीं है। देरी के कारण 60 से 70 दिनों तक अतिरिक्त समय लग सकता है, जिससे लागत भी बढ़ेगी। हालांकि सरकार का मानना है कि खरीफ मौसम के दौरान किसानों को खाद की उपलब्धता बनाए रखने के लिए यह अतिरिक्त प्रयास जरूरी है। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया है कि यदि संघर्ष लंबा खिंचता है तो इसका असर रबी फसलों की बुआई पर भी पड़ सकता है। इसी चुनौती से निपटने के लिए भारत ने खाद आयात की दिशा में भी बड़े कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार ने 17 लाख टन यूरिया के आयात के लिए नया वैश्विक निविदा आमंत्रित किया है। सरकारी क्षेत्र की राष्टीय उर्वरक लिमिटेड ने पश्चिमी और पूर्वी तटों के लिए अलग-अलग मात्रा में आयात प्रस्ताव मांगे हैं।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज काम के दबाव या तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन करने की आपकी क्षमता खुलकर सामने आएगी। आपके बॉस और उच्च अधिकारी आपकी इस प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स और भरोसेमंद स्वभाव की सराहना करेंगे। कार्यस्थल पर सहकर्मियों के बीच चल रही किसी भी प्रकार की बहस या टकराव से खुद को दूर रखें।

### वृष
कार्यक्षेत्र में आज आपका उत्साह और ऊर्जा का स्तर काफी ऊंचा रहेगा, जिससे आप पेंडिंग कामों को तेजी से निपटाने में सफल रहेंगे। छोटी यात्राएं आज बेहद फलदायी साबित होंगी। हालांकि, टीम मीटिंग्स या चर्चाओं के दौरान दूसरों पर हावी होने या अपने विचार जबरदस्ती थोपने की कोशिश न करें। सहकर्मियों के सुझावों को भी धैर्य से सुनें, आपकी लीडरशिप और निखरेगी।

### मिथुन
कार्यक्षेत्र में आज आपका समर्पण, अनुशासन और शार्प एनालिटिकल स्किल्स आपको सबसे कठिन कार्यों को पूरी सटीकता से निपटाने में मदद करेंगे। भविष्य के शेड्यूल तैयार करने और अपने जूनियर कर्मचारियों के साथ तालमेल बिठाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

### तुला
प्रोफेशनल स्तर पर आज आपकी क्रिएटिव आइडियाज आपके सहकर्मियों और प्रबंधकों का ध्यान आकर्षित करेंगी। नए प्रोजेक्ट्स की रूपरेखा तैयार करने,ऑफिस में चल रही किसी भी प्रकार की गॉसिप या पॉलिटिक्स को अपने ऊपर हावी न होने दें। अपनी योग्यताओं पर भरोसा रखें और अपने काम को ही बोलने दें।

### वृश्चिक
कार्यक्षेत्र में आज आपकी अद्भुत नेतृत्व क्षमता और स्पष्ट दृष्टिकोण आपको मुश्किल कार्यों को भी आसानी से करने में मदद करेगा। अपने नए विचारों को सीनियर्स के सामने पेश करने या भविष्य की व्यावसायिक रणनीतियों को व्यवस्थित करने के लिए आज का दिन शानदार है। अपने सबॉर्डिनेट्स से बात करते समय अपनी वाणी और टोन को बेहद हेल्पफुल रखें, इससे उनका पूरा सहयोग मिलेगा।

### धनु
कार्यस्थल पर आज आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रैक्टिकल सोच आपके सीनियर्स और सहकर्मियों द्वारा सराही जाएगी। आज सभी काम अकेले करने के बजाय टीमवर्क और सहयोगात्मक प्रयासों पर भरोसा करें, इससे परिणाम बेहतर मिलेंगे। ऑफिस की आंतरिक राजनीति से खुद को पूरी तरह दूर रखें और किसी भी विवाद में किसी की साइड न लें।

### कर्क
आज टीमवर्क, ग्रुप एक्टिविटीज और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। हालांकि, आज ऑफिस के महत्वपूर्ण कागजात, फाइल्स या लीगल डाक्यूमेंट्स को संभालते समय जल्दबाजी न करें और छोटी से छोटी डिटेल को भी दोबारा चेक करें। अपने काम को व्यवस्थित रखें।

### सिंह
प्रोफेशनल स्तर पर आपके स्पष्ट बातचीत का तरीका और निरंतर प्रयास आपको पेंडिंग कार्यों को बड़ी आसानी से पूरा करने में मदद करेंगे। लेखन, डाक्यूमेंटेशन, फाइलों का रख-रखाव और ऑफिस मैनेजमेंट से जुड़े कार्यों के लिए आज का दिन बेहतरीन है। कार्यस्थल पर होने वाली किसी भी प्रकार की गलतफहमियों को अपने काम पर हावी न होने दें।

### कन्या
व्यावसायिक मोर्चे पर आपकी कड़ी मेहनत, दूरदर्शिता और व्यावहारिक रणनीतियां आपको महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को अत्यधिक कुशलता से संभालने में मदद करेंगी। पब्लिक स्पीकिंग, नए कॉन्सेप्ट्स को सीनियर्स के सामने रखने या भविष्य के बिजनेस डेवलपमेंट प्लान्स को व्यवस्थित करने के लिए आज का दिन सर्वोत्तम है।

### मकर
करियर के लिहाज से आज कई महत्वपूर्ण ग्रह आपकी व्यावसायिक प्रगति और सफलता का संकेत दे रहे हैं। कार्यस्थल पर आपकी बारीकियों को पकड़ने की कला और प्रशासनिक कौशल सीनियर्स को प्रभावित करेंगे। हालांकि, सहकर्मियों के साथ उचित तालमेल और कार्यों का विभाजन करके ही प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा करें। आपकी आर्थिक स्थिति आज पूरी तरह नियंत्रण में रहेगी।

### कुंभ
कार्यक्षेत्र में आज आपका बड़ा नजरिया और इनोवेटिव विचारों की जमकर तारीफ की जाएगी। लंबी अवधि के प्रोजेक्ट्स की रिसर्च, रूपरेखा तैयार करने और प्लानिंग के लिए आज का दिन बहुत अनुकूल है। हालांकि, दैनिक कार्यों को पूरा करते समय किसी भी प्रकार की जल्दबाजी या लापरवाही से बचें, नहीं तो छोटी-मोटी गलतियों को सुधारने में आपका बहुत सा समय और मेहनत लग सकता है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए बहुत उत्पादक रहने वाला है। आपके इन्नोवेटिव आइडियाज और बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल्स आपको मीटिंग्स और प्रेजेंटेशन में सबसे अलग खड़ा करेंगे। हालांकि, ज्यादा उत्साह में आकर सीनियर्स से ऐसे वादे या कमिटमेंट न करें जिन्हें समय पर पूरा करना आपके लिए प्रैक्टिकल न हो। आपकी आर्थिक स्थिति आज पूरी तरह से स्थिर और सुरक्षित बनी रहेगी।

### वर्ग पहेली 6110

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| | ■ | 10 | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | 13 | ■ | 14 | | | ■ | 15 |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | | ■ | |
| ■ | 19 | | 20 | ■ | 21 | | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | |
| | ■ | 23 | | ■ | 24 | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1970 को इस देश ने स्वतंत्रता हासिल की (2)
3. 1954 को बॉलीवुड की इस अभिनेत्री ने जन्म लिया, इस अभिनेत्री की पहली फिल्म सावन भादों (1970) थी (2)
5. शिकन, ताकत, मरोड़, शक्ति (2)
7. आजीविका, जीवन यापन साधन (2)
8. पुराणानुसार उज्जयिनी के राजा चंद्रसेन की पुत्री जो चंद्रवंशी सहस्त्रानी के पुत्र उदयन को ब्याही थी (5)
10. एक अन्न जिससे मदिरा का निर्माण भी होता है(1)
11. अपमान, अनादर (उर्दू)(3)
12. एक कर्ण आभूषण, गेंहू, जौ कीफसल में लगने वाला कीड़ा (2)
14. माता सरस्वती का एक नाम (3)
16. रगड़ या पीसकर टुकड़े-टुकड़े करना (3)
18. तौलने की एक प्राचीन ईकाई (2)
19. किन्हें की स्थिति को यह भी कहा जाता है (3)
21. यूनानी चिकित्सा करने वाला (3)
22. शब्द ब्रह्मा, नादरूपिणी वाणी (2)
24. सरिता, तटिनी, निर्झरणी (2)

**ऊपर से नीचे**
1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान चूड़ी बनाने के कारखाने के लिए प्रसिद्ध है (5)
2. बड़ी बहन के लिए संबोधन, दीदी (2)
3. नर्मदा नदी का एक नाम यह भी है (2)
4. विशिष्टत, खासकर (3)
5. देह, काया, तन, शरीर (3)
6. चीथड़ा, धज्जी (2)
9. इस अभिनेत्री की पहली फिल्म सीआईडी थी इनका जन्म 3 फरवरी 1938 को हुआ था (7)
13. दिल्ली की इस इमारत को पांचवे मुगलशासक शाहजहां ने बनवाया था (4)
15. हथेली में चुल्लु में पानी लेकर मंत्रपूर्वक पीना (4)
17. मोटी खमीरी रोटी (4)
20. तुषार पात, कुहरा (3)
22. पुराणानुसार मद्र देश की राजकुमारी को पांडुराज की पत्नी थी (2)

### वर्ग पहेली 6109 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | म | ज | द | अ | ली | खां | ■ |
| क्ष | ति | ■ | स्तू | ■ | प | सी | ना |
| य | ■ | प | र | ना | ना | ■ | ■ |
| तृ | ती | या | ■ | लि | ■ | ■ | त |
| ती | ■ | म | हे | श | भू | प | ति |
| या | म | ■ | ल्मे | ■ | त | ल | त |
| ■ | ल | ला | ट | ■ | ना | क | ■ |
| बे | ना | म | ■ | पं | थ | ■ | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# कोहली की क्लास, भुवनेश्वर का चला जादू

## आरसीबी को चैंपियन बनाने में इन 5 खिलाड़ियों ने निभाई अहम भूमिका

**नई दिल्ली ।** रजत पाटीदार की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने वो कर दिखाया, जो आईपीएल के इतिहास में सिर्फ चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस की टीम ही कर सकी हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को फाइनल में 5 विकेट से हराते हुए लगातार दूसरी बार आईपीएल की ट्रॉफी को अपने नाम किया। आइए आपको उन 5 खिलाड़ियों के नाम बताते हैं, जिनके बूते खिताब का बचाव करने में सफल रही आरसीबी।



### रजत पाटीदार

कप्तानी के साथ-साथ रजत पाटीदार ने आरसीबी के लिए बल्ले से भी अहम योगदान दिया। पहले क्वालीफायर मुकाबले में मुश्किल में फंसी नजर आ रही आरसीबी टीम की नैया को पार लगाने वाले बल्लेबाज कप्तान रजत ही रहे, जिन्होंने महज 33 गेंदों में 93 रनों की आतिशी पारी खेली। रजत हर मुश्किल समय में विपक्षी टीम के सामने चट्टान की तरह खड़े रहे।



### कोहली की विराट पारी

आरसीबी के लिए विराट कोहली कितने मायने रखते हैं, यह बात वह हर सीजन अपने प्रदर्शन से साबित करके दिखाते हैं। आईपीएल 2026 में भी कोहली का बल्ला खूब गरजा, और वह टीम की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। 37 वर्षीय विराट ने 16 मुकाबलों में 165 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 675 रन बनाए। वहीं, फाइनल मैच में भी उन्होंने 42 गेंदों में 75 रनों की नाबाद पारी खेली।

### भुवनेश्वर कुमार

आरसीबी को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाने में भुवनेश्वर कुमार का रोल काफी अहम रहा। भुवनेश्वर ने न सिर्फ पावरप्ले में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई, बल्कि अंत के ओवरों में भी अहम मौकों पर विकेट चटकाए। उन्होंने इस सीजन में खेले 16 मुकाबलों में 28 विकेट अपने नाम किए।





### रसिख सलाम

जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार के प्रदर्शन के आगे भले ही रसिख सलाम का योगदान पीछे छुप गया, लेकिन 26 वर्षीय इस युवा तेज गेंदबाज ने अपनी गेंदबाजी से आईपीएल 2026 में खासा प्रभावित किया। रसिख ने इस सीजन 19 विकेट निकाले और उनका सबसे बेहतरीन प्रदर्शन फाइनल मैच में ही आया। खिताबी मुकाबले में रसिख ने 4 ओवर में सिर्फ 27 रन देकर 3 विकेट निकाले।



### देवदत्त पडिक्कल

आरसीबी का यह बल्लेबाज इस सीजन विराट कोहली के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चला। पडिक्कल ने 16 मुकाबलों में 168 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 464 रन बनाए। उन्होंने इस सीजन तीन अर्धशतक लगाए। नंबर तीन की पोजीशन पर पडिक्कल का प्रदर्शन दमदार रहा और उन्होंने आरसीबी के मध्यक्रम पर दबाव नहीं आने दिया।

# आईपीएल 2026 वैभव बने मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर

## किसे मिला कौन-सा अवॉर्ड?

अहमदाबाद। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल 2026 का 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' चुना गया है। इसके साथ ही उन्हें इस सीजन में 776 रन बनाने के लिए 'ऑरेंज कैप' भी मिली। आईपीएल 2026 की समाप्ति के बाद 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' वैभव ने कहा, 'मुझे अच्छा लग रहा है, लेकिन इंटरव्यू देना पड़ रहा है, इसलिए थोड़ा दबाव महसूस हो रहा है। आप प्रत्येक मैच एक ही तरीके से नहीं खेल सकते। अगर मुझे चोट से बचना है, तो मुझे अपनी फिटनेस पर काम करना होगा। हर कोई बहुत मददगार है। सभी सीनियर खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, हर कोई मेरा साथ देता है और यहां का माहौल बहुत अच्छा है।'



एक ओर वैभव ने 'ऑरेंज कैप' हासिल की, जबकि दूसरी तरफ कगिसो रबाडा ने इस सीजन में 29 विकेट लेने के लिए 'पर्पल कैप' अपने नाम की।

पंजाब किंग्स को 'फेयरप्ले अवॉर्ड' मिला। मनीष पांडे को 'कैच ऑफ द सीजन' का अवॉर्ड मिला, जिन्होंने बैकवर्ड प्वाइंट पर एक शानदार कैच लेकर टिम डेविड को आउट किया था। मोहम्मद सिराज को इस सीजन में सर्वाधिक 'डॉट बॉल' (172) फेंकने के लिए अवॉर्ड मिला।

साई सुदर्शन को इस सीजन में सर्वाधिक 'चौके' (75) लगाने के लिए अवॉर्ड मिला। वैभव सूर्यवंशी को 'इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन', 'सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन' (237.3) और 'सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन' (72) के अवॉर्ड मिले।

आईपीएल 2026 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 5 विकेट से जीत हासिल की। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस ने 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। इस टीम के लिए वॉशिंगटन सुंदर ने 50 रन की नाबाद पारी खेली।

## फाइनल में विराट कोहली ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

# यादगार छक्के से बनाया आरसीबी को चैंपियन

**अहमदाबाद ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 के खिताब को अपने नाम किया। आरसीबी ने फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) को 5 विकेट से हराया। फाइनल मैच में आरसीबी की जीत के नायक विराट कोहली रहे। कोहली ने 42 गेंदों में नाबाद 75 रनों की दमदार पारी खेली और टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाने में अहम किरदार निभाया। कोहली ने इस पारी के दौरान कई बड़े रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किए।

विराट कोहली ने अपने आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल मुकाबले में लगाया। कोहली ने अपना अर्धशतक सिर्फ 25 गेंदों में पूरा किया। यह आईपीएल के फाइनल मुकाबले में संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक भी रहा। कोहली ने 75 रनों की नाबाद पारी में 9 चौके और 3 छक्के लगाए। विराट का प्रदर्शन इस पूरे सीजन शानदार रहा और वह आरसीबी की तरफ से



आईपीएल 2026 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। कोहली ने इस सीजन 16 मुकाबलों में 165 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 675 रन बनाए।

कोहली लगातार चार सीजन में 600 से अधिक रन बनाने वाले आईपीएल इतिहास के पहले बल्लेबाज बने। विराट को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' भी चुना गया। विराट ने आईपीएल फाइनल में मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।

उन्होंने यह अवॉर्ड 37 साल 207 दिन की उम्र में जीता।

विराट कोहली ने आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा के खिलाफ कुल 82 रन बनाए, जो आईपीएल के एक सीजन में किसी भी बल्लेबाज द्वारा किसी गेंदबाज के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक रन हैं।

# 180-190 का स्कोर अच्छा रहता, आरसीबी से फाइनल हारने के बाद बोले जीटी कप्तान शुभमन गिल

**अहमदाबाद ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 का खिताब जीत लिया है। रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 5 विकेट से हराकर खिताब जीता। आरसीबी का यह लगातार दूसरा खिताब है। वहीं, कप्तान के रूप में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने और जीटी को दूसरा खिताब दिलाने की कोशिश में लगे गिल को निराशा हाथ लगी है। मैच के बाद जीटी के कप्तान गिल ने कहा, 'अगर हम 180-190 के आस-पास पहुंच जाते, तो यह एक अच्छा मैच होता। पहले तीन-चार ओवरों में तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिलती है, और शुरुआती कुछ विकेट गिरने के बाद हमारी लय टूट गई। हमने पावरप्ले में 15-20 रन ज्यादा दे दिए। मुझे लगता है कि हम इस टूर्नामेंट की सबसे बेहतरीन गेंदबाजी टीमों में से एक थे। शुरुआती कुछ मैच हारने के बाद हमने जबरदस्त वापसी की। मैं बहुत खुश हूं। हम जीत की मंजिल तक नहीं पहुंच पाए, लेकिन अगर हम ट्रॉफी जीत भी जाते, तब भी सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती।'



शुभमन गिल का बल्ला फाइनल में नहीं चला, लेकिन टूर्नामेंट में वह अपनी टीम के लिए बेहतरीन रहे। फाइनल में 10 रन बनाकर आउट हुए गिल ने टूर्नामेंट के 16 मैचों की 16 पारियों में 732 रन बनाकर वैभव सूर्यवंशी के बाद दूसरे स्थान पर रहे। गिल ने दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शतक लगाकर जीटी को फाइनल में पहुंचाया था। 2022 में खिताब जीतने वाली जीटी अपना तीसरा फाइनल खेल रही थी। आईपीएल 2026 के फाइनल पर नजर डालें तो टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जीटी ने 8 विकेट पर 155 रन बनाए।

## आरसीबी के चैंपियन बनने पर बोले क्रुणाल

# 11 साल में 5 ट्रॉफी जीतना मेरे लिए बहुत खास है



**अहमदाबाद।** रजत पाटीदार की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 के खिताब को अपने नाम किया। आरसीबी ने फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया। क्रुणाल पांड्या ने आरसीबी के आईपीएल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने का श्रेय वर्षों के सब्र और प्लानिंग को दिया। क्रुणाल ने अपने करियर में पांचवीं बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर भी खुशी जाहिर की और इसे बड़ी उपलब्धि बताया। पिछले दो सीजन में आरसीबी के लिए बल्ले और गेंद से अहम भूमिका निभाने वाले क्रुणाल ने माना कि हर चैंपियनशिप उनके करियर में एक खास जगह रखती है और उनकी तुलना करना लगभग नामुमकिन है। जीत के बाद क्रुणाल ने कहा, 'हर आईपीएल ट्रॉफी खास होती है। इसमें कोई शक नहीं है। यह बच्चों के होने जैसा है, है ना? आप चुन नहीं सकते। आईपीएल ट्रॉफी के साथ भी ऐसा ही है क्योंकि सब कुछ बहुत मेहनत से कमाया जाता है।' अनुभवी ऑलराउंडर ने 11 सीजन में पांचवीं बार आईपीएल ट्रॉफी उठाने के बाद अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि पर बात करते हुए कहा, 'मैं बहुत खुश और शुक्रगुजार हूं कि 11 सालों में पांच ट्रॉफी जीत पाया; यह मेरे लिए बहुत खास है।' क्रुणाल ने कहा कि टीम की लगातार सफलता का बड़ा श्रेय फ्रेंचाइजी के मैनेजमेंट और कोचिंग स्टाफ को जाता है। उन्होंने बताया कि मो बोबट, एंडी फ्लावर, दिनेश कार्तिक, मालोलन रंगराजन और ओमकार साल्वी ने टीम को मजबूत बनाने के लिए बहुत मेहनत की।

उन्होंने कहा कि पिछले साल ऑक्शन से पहले ही पूरी तैयारी कर ली गई थी और खिलाड़ियों का चयन सोच-समझकर किया गया था।

# ढोल की थाप पर नाचे कोहली और क्रुणाल

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 के खिताब पर कब्जा जमाया। नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 5 विकेट से हराया। खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने के बाद आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में जमकर जश्न मना। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर शेयर किए गए वीडियो में क्रुणाल पांड्या और विराट कोहली ढोल की धुन पर जमकर नाचते हुए दिखाई दिए। इस दौरान क्रुणाल के हाथ में आईपीएल की ट्रॉफी भी मौजूद रही।



## नॉर्वे चेस 2026: गुकेश और दिव्या हारे

# नॉर्वे चेस 2026: कार्लसन ने दर्ज की बड़ी जीत

**ओस्लो ।** नॉर्वे चेस 2026 के छठे राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही, जिससे खिताब की दौड़ और दिलचस्प हो गई है। पुरुष वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने टूर्नामेंट लीडर अलीरेजा फिरोजा को हराकर बड़ी जीत दर्ज की। सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा और बाद के चरण में अपनी बढ़त का फायदा उठाकर जीत हासिल की। यह फिरोजा की टूर्नामेंट में पहली क्लासिकल हार रही। एक अन्य मुकाबले में वेस्ली सो ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा को हराया। लंबा चला यह मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन एंडगेम में वेस्ली ने बेहतर खेल दिखाते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। इस जीत के साथ वह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

वहीं, मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को जर्मनी के विंसेंट कीमर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। कीमर इस मुकाबले में गुकेश पर शुरुआत से ही हावी रहे और वह अपने दमदार खेल को अंत तक बरकरार रखने में सफल रहे। विंसेंट ने गुकेश को वापसी करने का मौका नहीं दिया और शानदार जीत दर्ज की।

छठे राउंड के बाद वेस्ली सो पहले स्थान पर हैं, जबकि अलीरेजा फिरोजा उनके करीब बने हुए हैं। मैग्नस कार्लसन की जीत से खिताब की दौड़ और रोमांचक हो गई है। महिला वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन वेनजुन ने भारत की दिव्या देशमुख को हराकर दिन की एकमात्र क्लासिकल जीत दर्ज की। जू वेनजुन ने धैर्य के साथ खेलते हुए एंडगेम में बढ़त हासिल की और मुकाबला अपने नाम किया। दूसरी ओर, बिबिसारा असौबायेवा ने आर्मागेडन मुकाबले में जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक हासिल किए और महिला वर्ग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। छह राउंड के बाद असौबायेवा 9.5 अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि दिव्या देशमुख 8.5 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर बनी हुई हैं।

एना मुजिचुक और झू जिनर के बीच खेला गया मैच काफी बराबरी का रहा। दोनों खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखाया और कोई भी बढ़त नहीं बना सका, इसलिए क्लासिकल गेम ड्रॉ पर खत्म हुआ। इसके




बाद आर्मागेडन गेम खेला गया, जिसमें झू जिनर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत हासिल की। जीत हासिल की। इस जीत से उन्हें अतिरिक्त अंक मिले।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक ने सुनीं 50 लोगों की शिकायतें

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद। बिहार सरकार की पहल "सबका सम्मान–जीवन आसान" के तहत आयोजित जनता दरबार में सोमवार को पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद ने अपने कार्यालय कक्ष में आम लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 50 आगंतुकों ने अपनी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता एवं ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके शीघ्र और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है तथा जनता दरबार के माध्यम से लोगों को अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त मामलों का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को त्वरित न्याय और राहत मिल सके।

### कुंदन हत्याकांड को लेकर महागठबंधन कार्यकर्ताओं की ओबरा में बैठक

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित संत पदारथ भवन परिसर में सोमवार को महागठबंधन कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दाउदनगर प्रखंड के केसराड़ी गांव निवासी कुंदन यादव हत्याकांड के विरोध में आगामी 3 जून को प्रस्तावित प्रतिरोध मार्च एवं धरना-प्रदर्शन की तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक की अध्यक्षता महागठबंधन के पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह यादव ने की। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कुंदन यादव हत्याकांड में पुलिस प्रशासन की अब तक की कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मामले में प्रशासन की ओर से अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई है और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा।

---

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा

# अधिक से अधिक किसानों का किया जाये पंजीकरण : मुख्य सचिव

- मतदाता सूची शुद्धिकरण और किसान पंजीकरण पर मुख्य सचिव का जोर



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद। बिहार के मुख्य सचिव ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम तथा फार्मर रजिस्ट्री अभियान की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं मिशन मोड में कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत जिले में खराब पड़े चापाकलों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी खराब चापाकलों की पहचान कर उनकी मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर कराया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में जितने भी चापाकल खराब पड़े हैं, उनकी मरम्मत का कार्य मिशन मोड में संचालित करते हुए 15 जून 2026 तक हर हाल में पूरा कराया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी गांव या मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो और लोगों को पानी के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की भी विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनके नाम से जारी अन्य सरकारी दस्तावेजों की भी जांच की जाए। उन्होंने विशेष रूप से ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार संबंधित अभिलेखों से भी नाम विलोपित करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने इस कार्य में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया, ताकि सरकारी अभिलेखों में किसी प्रकार की विसंगति न रहे। मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान फार्मर रजिस्ट्री अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को विभिन्न कृषि एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उपलब्ध कराने के लिए किसान पंजीकरण को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसान पंजीकरण अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जाए तथा अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि निर्धारित लक्ष्य एवं समय-सीमा के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को नियमित निगरानी और समीक्षा के माध्यम से कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ आम जनता तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि चापाकल मरम्मत, विशेष गहन पुनरीक्षण और किसान पंजीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी तथा सभी विभाग नियमित रूप से अपनी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

---

# सात निश्चय-3 के तहत डीएम ने लगाया जनता दरबार

## विभिन्न समस्याओं पर सुनी गई लोगों की फरियाद





- आंगनबाड़ी सेविका बहाली, मानदेय भुगतान, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स संबंधी मामलों एवं अनुग्रह अनुदान से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत संचालित "सबका सम्मान–जीवन आसान" पहल के तहत सोमवार को जिलाधिकारी, औरंगाबाद ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा तथा समाधान के लिए आवेदन सौंपे।

जनता दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे परिवादियों ने भूमि, राजस्व, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों को प्रमुखता से उठाया। प्राप्त आवेदनों में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में कथित अनियमितता तथा अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से संबंधित विषय शामिल रहे। जिलाधिकारी ने जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया। सभी शिकायतों और आवेदनों को विधिवत पंजी में दर्ज किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जनता दरबार में प्राप्त मामलों के निष्पादन की सतत निगरानी की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटारा हो।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही सभी मामलों की नियमित समीक्षा कर कार्रवाई की प्रगति की निगरानी करने का भी निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन का मानना है कि जनता दरबार जैसे कार्यक्रम प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ-साथ समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम साबित हो रहे हैं। इससे लोगों को अपनी शिकायतें सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भी सहायता मिल रही है।

---

# एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी के आरोप में सड़क पर उतरे उपभोक्ता, एनएच-139 किया जाम

**निज संवाददाता | जम्होर (औरंगबााद)**



जिले के जम्होर स्थित कुमार गैस एजेंसी के खिलाफ सोमवार को उपभोक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। गैस वितरण में अनियमितता और कालाबाजारी के आरोप लगाते हुए दर्जनों उपभोक्ताओं ने पटना-औरंगाबाद-हरिहरगंज होते हुए झारखंड को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-139 को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर गैस सिलेंडर रखकर आवागमन बाधित कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का आरोप था कि पिछले लगभग 15 दिनों से उन्हें घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उनका कहना था कि वे लगातार एजेंसी का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार गैस उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर वापस लौटा दिया जाता है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी संचालक द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों को दूसरे वाहनों के माध्यम से ऊंचे दामों पर बाजार में बेचा जा रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है।

स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब गैस लेने पहुंचे लोगों ने सिलेंडरों को दूसरे वाहन में लादकर कहीं और भेजे जाते देखा। इसके बाद उपभोक्ताओं का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को फोन कर मामले की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सूचना देने के बावजूद तत्काल कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। नाराज लोगों ने गैस सिलेंडरों को सड़क पर रखकर एनएच-139 को पूरी तरह जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही जम्होर थानाध्यक्ष सूर्यवंश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे और गैस वितरण व्यवस्था की जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते रहे।

बाद में मामले की सूचना मिलने पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। उन्होंने उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया कि सभी पात्र उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी तथा एजेंसी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ और जाम समाप्त कर दिया गया। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा यदि कालाबाजारी की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग प्रशासन की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

---

# मांगों के समर्थन में बैंक कर्मियों का धरना अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बिहार सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक एंप्लॉइज फेडरेशन यूनिट, औरंगाबाद के बैनर तले सोमवार को बैंक कर्मियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में मुख्यालय को-ऑपरेटिव बैंक, औरंगाबाद शाखा परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित आंदोलन कार्यक्रम के तहत कर्मचारियों ने एक दिवसीय हड़ताल कर बैंक परिसर में धरना दिया और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। धरना को संबोधित करते हुए संघ के नेताओं ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण है तथा वे वार्ता के माध्यम से समस्याओं का समाधान चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक प्रबंधन लंबे समय से कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रहा है, जिसके कारण कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि बैंक कर्मियों की समस्याओं और मांगों पर विचार करने के लिए दो नवंबर 2025 को संघ की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए थे। इसके बाद बैंक के प्रबंध निदेशक और निदेशक मंडल को पत्र भेजकर कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराया गया। संघ के अनुसार 14 नवंबर 2025, 18 मई 2026 और 28 मई 2026 को भी प्रबंधन को पत्र भेजकर मांगों के शीघ्र समाधान का अनुरोध किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

कर्मचारियों का कहना है कि प्रबंधन की उदासीनता के विरोध में 29 और 30 मई को काला बिल्ला लगाकर भी विरोध दर्ज कराया गया था, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हुई। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी मांगों को लगातार अनसुना किया जा रहा है।

---

# डीएम ने किया निरीक्षण, महाराणा प्रताप चौक का होगा सौंदर्यीकरण



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला मुख्यालय स्थित महाराणा प्रताप चौक को अधिक आकर्षक, सुव्यवस्थित और जनोपयोगी बनाने की दिशा में पहल तेज हो गई है। सोमवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चौक पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं उसके आसपास के क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चौक के सौंदर्यीकरण की योजना इस प्रकार तैयार की जाए कि यह नगर की पहचान के अनुरूप विकसित हो सके और आम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने। जिलाधिकारी ने चौक के आसपास आकर्षक प्रकाश व्यवस्था विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था से न केवल चौक की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि रात्रि के समय लोगों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा भी मिलेगी। इसके अलावा चौक के आसपास हरित क्षेत्र के विस्तार, पौधारोपण और सौंदर्यपरक लैंडस्केपिंग कराने का निर्देश दिया गया, ताकि क्षेत्र का वातावरण अधिक स्वच्छ और मनोहारी बन सके।

निरीक्षण के दौरान रंग-रोगन, साफ-सफाई और रखरखाव व्यवस्था को भी मजबूत करने पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थल की सुंदरता उसके नियमित रखरखाव पर निर्भर करती है, इसलिए चौक की स्वच्छता और सौंदर्य को बनाए रखने के लिए स्थायी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप चौक नगर की एक महत्वपूर्ण पहचान है।

---

# समर कैंप के सफल संचालन को लेकर शिक्षा सेवक एवं तालीमी मरकज कर्मियों की कार्यशाला आयोजित



**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड स्थित बीआरसी परिसर में सोमवार को शिक्षा सेवक एवं तालीमी मरकज कर्मियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य गर्मी की छुट्टियों के दौरान संचालित होने वाले समर कैंप को प्रभावी एवं सफल बनाना तथा बच्चों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना था। कार्यशाला में शिक्षा सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने उपस्थित कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने समर कैंप के दौरान आयोजित की जाने वाली शैक्षणिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में सीखने की रुचि विकसित की जा सकती है और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान बच्चों को आकर्षक और उपयोगी गतिविधियों से जोड़ने, उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करने तथा शिक्षा को रोचक बनाने के विभिन्न तरीकों पर भी चर्चा की गई। साथ ही समर कैंप के संचालन से संबंधित दिशा-निर्देशों और जिम्मेदारियों की जानकारी भी दी गई।

---

# पीरामल की फेलो सुश्री नेहा को दी गई भावभीनी विदाई

**एसवीवी. संवाददाता | औरंगाबाद**



शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत संस्था पीरामल फाउंडेशन की फेलो सुश्री नेहा को अनुग्रह नारायण मध्य विद्यालय के प्राध्यापक कक्ष में आयोजित एक सादे लेकिन भावनात्मक समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विदाई समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी की उपस्थिति विशेष रूप से रही। इस अवसर पर अनुग्रह नारायण मध्य विद्यालय के शिक्षक उदय कुमार सिंह ने सुश्री नेहा के व्यक्तित्व एवं कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रतिभाशाली, कर्मठ, संवेदनशील तथा बुद्धिमान फेलो बताया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान नेहा ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई और अपनी कार्यकुशलता से सभी का विश्वास अर्जित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नेहा अपने समर्पण और मेहनत के बल पर भविष्य में भी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगी।

समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के मास्टर ट्रेनरों ने भी सुश्री नेहा के कार्यों को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका ज्योति मौर्या, मीना कुमारी, अनुभा कुमारी सहित शिक्षा विभाग के सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। विदाई समारोह का माहौल भावुक रहा और सभी ने सुश्री नेहा के साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया।

---

# स्कूटी-बाइक की आमने-सामने टक्कर, तीन युवक गंभीर रूप घायल, दो हायर सेंटर रेफर

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चतरा मोड़ से सुंदरगंज जाने वाले मार्ग पर स्थित सीलाड मोड़ के पास स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों में रिसीयप थाना क्षेत्र के पुनाबार गांव निवासी अमरेंद्र सिंह के 29 वर्षीय पुत्र अनुज सिंह तथा दुधार गांव निवासी 20 वर्षीय मयंक मिश्रा शामिल हैं। तीसरे घायल युवक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि अनुज सिंह और मयंक मिश्रा स्कूटी से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सुंदरगंज की ओर से पल्सर बाइक पर सवार होकर आ रहे एक युवक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी भीषण थी कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई और तुरंत डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान पाया कि अनुज सिंह और अज्ञात युवक के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों अस्पताल पहुंचने के समय बेहोशी की हालत में थे। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं घायल मयंक मिश्रा होश में थे और उन्होंने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

---

# आर्य समाज भवन एवं यज्ञशाला का शिलान्यास

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**



गोह प्रखंड के तेयाप गांव में सोमवार को आर्य समाज भवन एवं यज्ञशाला निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। शिलान्यास समारोह में गोह के विधायक अमरेंद्र कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमेश यादव (बर्मिंघम) ने की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल पंडित नंदकिशोर शास्त्री के ब्रह्मत्व में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार यज्ञ-हवन से हुई। यज्ञ के मुख्य यजमान विधायक अमरेंद्र कुशवाहा रहे। यज्ञ में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञोपरांत विधायक ने ओ३म् ध्वज फहराकर आर्य समाज भवन एवं यज्ञशाला का शिलान्यास किया।

मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दयानिधि शास्त्री द्वारा प्रस्तुत भजनों से हुआ। इसके बाद आयोजकों ने विधायक अमरेंद्र कुशवाहा को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने वर्ष 1875 में आर्य समाज की स्थापना ऐसे समय में की थी, जब समाज में अनेक कुरीतियां, अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयां व्याप्त थीं। उन्होंने कहा कि आर्य समाज का मूल उद्देश्य मानवता की सेवा और समाज का कल्याण है।

---

# औरंगाबाद जिले का नाम 'देव' करने की मांग को लेकर केताकी बाजार में निकाली गई जागरूकता रैली

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'देव' करने की मांग को लेकर देव प्रखंड के केताकी गांव स्थित केताकी बाजार में सोमवार को देव संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया तथा आगामी 3 जुलाई को जिला मुख्यालय में प्रस्तावित प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। इस संबंध में केताकी स्थित शिव मंदिर परिसर में देव संघर्ष मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बिहार के कई जिलों का नाम उनके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पौराणिक महत्व के आधार पर रखा गया है। इसी परंपरा के तहत औरंगाबाद जिले का नाम भी विश्व प्रसिद्ध सूर्य नगरी देव के नाम पर रखे जाने की मांग की जा रही है। बैठक को संबोधित करते हुए महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि रोहतास किला के नाम पर रोहतास, कैमूर पर्वत श्रृंखला के नाम पर कैमूर, राजा भोज के नाम पर भोजपुर, वैशाली के नाम पर वैशाली तथा नालंदा के नाम पर नालंदा जिले का नामकरण किया गया है।

---

# औरंगाबाद का नाम 'आदित्य नगर' करने की मांग तेज, विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा को सौंपा गया ज्ञापन



**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'आदित्य नगर' किए जाने की मांग को लेकर सोमवार को केशव लोकमंच का एक प्रतिनिधिमंडल ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से आग्रह किया कि वे इस प्रस्ताव को बिहार विधानसभा में उठाकर सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करें। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'आदित्य नगर' किया जाना चाहिए तथा इस संबंध में जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विधानसभा में आवाज उठाई जानी चाहिए। उन्होंने विधायक से इस मांग को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने का अनुरोध किया।